रोहतक
शुक्रवार, 12 सितंबर 2025
अश्विन मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 223
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 35.9
न्यून. 24.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिपः कड़े मुकाबले में जीती पूजा रानी, सेमीफाइनल में पहुंची 5

Hero



माननीय प्रधानमंत्री
श्री नरेंद्र मोदी

हम अपने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार को देशवासियों के हित में किए गए GST बदलाव के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने इस पल को एक राष्ट्रव्यापी उत्सव में बदल दिया!

त्यौहार के इस समय में, अपने पसंदीदा हीरो टू-व्हीलर को घर ले जाएं, क्योंकि 100% GST लाभ सीधे आप तक पहुँचाए जा रहे हैं। डिलीवरी इस नवरात्रि से शुरू।

## कम कीमत, शानदार त्यौहार।

| मॉडल | इतने तक GST लाभ* |
| --- | --- |
| HF Deluxe | ₹ 5 800 |
| Passion+ | ₹ 6 500 |
| Splendor+ | ₹ 6 700 |
| Destini 125 | ₹ 7 200 |
| Glamour X | ₹ 7 800 |
| Xpulse 210 | ₹ 14 500 |



## आज ही अपनी हीरो बुक करें!

*ON EX-SHOWROOM CHANDIGARH

WORLD'S NO.1 24 YEARS IN A ROW** MOTORCYCLE & SCOOTER COMPANY

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

CALL TOLL-FREE
1800 266 0018

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. **Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2024 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY24). For all Corporate and Bulk Enquiries, Please email us on institutionalsales@heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Offer amount & combination of offers may vary as per model. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. Terms & Conditions apply.

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero - 9289922868; Assandh: Sandhu Hero - 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero - 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero - 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero - 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero - 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero - 9289922433; Gohana: Krishna Hero - 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero - 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero - 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero - 9289922062; Karnal: Nirmal Hero - 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero - 9289922988; Ladwa: Khanna Hero - 9289922063; Mandi Dabwali: Karan Hero - 9289922490; Nuh: Sunil Hero - 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero - 9289922058; Narwana: Narwana Hero- 9289923101; Palwal: Dev Vaahan Hero - 9289922877; Panchkula: Regent Hero - 9289923161; Panipat: Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero - 9289922393; Rewari: Virendra Hero - 9289922060; Rohtak:Shivam Hero - 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero - 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694.

SAATCHI & SAATCHI

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल ने राहत सामग्री के ट्रक रवाना किए

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने वीरवार को हरियाणा राजभवन से भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा द्वारा राहत सामग्री से भरे 5 ट्रकों को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह राहत सामग्री हरियाणा के सिरसा, कैथल, अंबाला व फतेहाबाद जिलों के लिए भेजी गई। राज्यपाल ने कहा कि यह राहत सामग्री उन क्षेत्रों के लिए भेजी गई है, जहां भारी वर्षा और जलभराव के कारण लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हुआ है। यह पहल प्रभावित लोगों को त्वरित और प्रभावी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है, ताकि उनकी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके और उनके जीवन को सामान्य करने में मदद मिले।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश में स्वच्छता अभियान पर की उच्चस्तरीय बैठक, दिए निर्देश

# फरीदाबाद, मानेसर और गुरुग्राम के लिए विशेष योजना, कचरे से बनाएंगे बिजली

### दोनों जिलों में बनाए जाएंगे तीन वेस्ट- टू -एनर्जी प्लांट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में निर्णय लिया गया कि फरीदाबाद, मानेसर और गुरुग्राम में वेस्ट-टू-एनर्जी संयंत्रों की स्थापना की जाएगी, जिनके माध्यम से प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले ठोस कचरे को ऊर्जा में परिवर्तित कर बिजली उत्पादन किया जाएगा। आने वाले कुछ महीनों में इन संयंत्रों की स्थापना का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा और अगले 24 महीनों के भीतर ये संयंत्र पूरी तरह से चालू हो जाएंगे।

बैठक में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, ठोस कचरा प्रबंधन प्रणाली को आधुनिक स्वरूप देने तथा जनसहभागिता के माध्यम से अभियान को व्यापक जन आंदोलन बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष रूप से गुरुग्राम और फरीदाबाद के लिए एक समग्र और विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि इन जिलों में ठोस कचरे के निस्तारण की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई के प्रयासों को धरातल पर उतारने के लिए आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग किया जाए।

### मुख्यमंत्री ने सफाई की बोले- प्रदेश को देश में अग्रणी बनाएंगे



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था प्रबन्धन व जन भागीदारी के साथ गुरुग्राम को स्वच्छता रैंकिंग में नम्बर वन बनाना है। उन्होंने आह्वान किया कि गुरुग्रामवासी स्वच्छ गुरुग्राम थीम के साथ स्वच्छ, शुद्ध व स्वस्थ गुरुग्राम बनाने में योगदान दें। मुख्यमंत्री ने गुरुवार की सुबह हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत गुरुग्राम में मेगा स्वच्छता अभियान में सोहना चौक व सेक्टर 52 क्षेत्र में स्वयं सफाई करते हुए आमजन को स्वच्छता बनाये रखने का संदेश दिया। इस मौके पर गुरुग्राम से विधायक मुकेश शर्मा व सोहना के विधायक तेजपाल तंवर भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता मित्रों के साथ स्वयं भी श्रमदान किया और लोगों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया।

#### स्वच्छता अभियान जन आंदोलन बन रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अभियान शुरू किया गया था। उनके कुशल नेतृत्व में पूरे देश में स्वच्छता अभियान जन आंदोलन बन रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं बल्कि यह सभी प्रदेशवासियों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### बनाई गई बिजली को ग्रिड में जोड़कर शहरों में सप्लाई करेंगे

इन वेस्ट-टू-एनर्जी संयंत्रों से अनेक लाभ होंगे। इन संयंत्रों के माध्यम से कचरे से सीधे बिजली उत्पादन किया जाएगा, जिससे पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों जैसे कोयला और पेट्रोलियम पर निर्भरता कम होगी। यहां से उत्पन्न बिजली को ग्रिड में जोड़कर शहरों की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकेगा। इससे हरियाणा की स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और राज्य सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा। इन संयंत्रों के संचालन और रख-रखाव से स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। यह पहल हरियाणा को कार्बन उत्सर्जन में कमी और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी बनाएगी।

## सीपीए का 11वां भारतीय क्षेत्रीय सम्मेलन बेंगलुरु में शुरू हुआ



**चंडीगढ़।** राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) का 11वां भारतीय क्षेत्रीय सम्मेलन वीरवार को बेंगलुरु में शुरू हो गया। सम्मेलन में देश भर के विधान मंडलों के पीठासीन अधिकारी शिरकत कर रहे हैं। इसमें सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के पीठासीन अधिकारी भाग ले रहे हैं।

हरियाणा का प्रतिनिधित्व विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण और उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा कर रहे हैं। वीरवार को बेंगलुरु पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सम्मेलन के पहले दिन लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में एग्जिक्यूटिव कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक में विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण भी शामिल हुए। इस दौरान सम्मेलन की कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके बाद सम्मेलन का उद्घाटन सत्र हुआ। इस दौरान लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुग्राम में आयोजित शहरी स्थानीय निकायों के सम्मेलन की सफलता के लिए हरियाणा विधान सभा और प्रदेश सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन देश में अपने आप में पहला विशिष्ट प्रयोग था, जो हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के प्रयासों से सफलतापूर्वक सिरे चढ़ सका।


### कार्यालय नगरपालिका बवानीखेड़ा

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पी०आई०डी०:- 6HEFQQ80 जो रामदयाल पुत्र श्री गुलाब राय मालिक होता है। इस प्रॉपर्टी को सन्तोष नागपाल, सुषमा कुमारी, अंजु बाला व फूला देवी पुत्रीयान रामदयाल अपने नाम दर्ज करवाना चाहते है। स्व० रामदयाल पुत्र श्री गुलाब राय की मृत्यु दिनांक 10.12.2010 को हो चूकी है। सन्तोष नागपाल, सुषमा कुमारी, अंजु बाला व फूला देवी पुत्रीयान रामदयाल निवासी बवानी खेडा वारसान तसदीक के आधार पर अपने नाम दर्ज करवाना चाहते है। तहसीलदार बवानीखेडा की दिनांक 25. 08.2025 की वारसान तसदीक अनुसार 1. सन्तोष नागपाल 2. सुषमा कुमारी 3. अंजु बाला 4. फूला देवी पुत्रीयान स्व० श्री रामदयाल पुत्र श्री गुलाब राय वारिस होते है। इस प्रोपर्टी को सन्तोष नागपाल, सुषमा कुमारी, अंजु बाला व फूला देवी पुत्रीयान स्व० रामदयाल पुत्र श्री गुलाब राय के नाम दर्ज किये जाने बारे यदि किसी को कोई दावा / आपति है तो 30 दिन के अन्दर-अन्दर अपना दावा/आपति पूर्ण दस्तावेज के साथ नगरपालिका बवानीखेडा में देवें अन्यथा म्याद गुजरने उपरांत उपरोक्त प्रोपर्टी बारे नगरपालिका कार्यालय द्वारा आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। जिसकी नगरपालिका की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/- सचिव,
नगरपालिका, बवानीखेड़ा।


# अब अपने नेताओं से हिसाब मांग रही जनता

### विनेश से बोले सरपंच एसोसिएशन के प्रधान

## आप तो फोन ही नहीं उठाती, पानी उतर गया अब दौरे का क्या औचित्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना



जुलाना क्षेत्र में भारी बारिश के कारण नुकसान की स्थिति को देखते हुए विधायक विनेश फोगाट ने गुरूवार को प्रभावित गांव बराड़ खेड़ा, बुआना, खरेंटी, गढ़वालीए झमोलाए करेलाए मालवी और देवरड़ का दौरा किया।

विधायक विनेश फोगाट जब बुआना गांव में पहुंची तो सरपंच एसोसिएशन के जिला प्रधान और प्रदेश प्रवक्ता सुधीर बुआना ने कहा कि सरपंच एसोसिएशन और पंचायत समिति सदस्यों ने समर्थन देकर जिताई थी लेकिन अब विधायक फोन उठाना भी उचित नही समझती। सुधीर ने यह भी कहा कि जब गांवों का 75 प्रतिशत पानी उतर चुका है तो अब दौरे करने का क्या औचित्य। विधायक क्षेत्र में जलभराव का स्थाई समाधान करे।

#### चलो ठीक है कहकर आगे निकली विधायक

विधायक ने कहा कि प्रशासन से बात हुई है। बराड़ खेड़ा का पानी तभी उतरेगा जब आप सहयोग करेंगे। सुधीर बुआना ने कहा कि हम क्यों सहयोग करें। जब आप फोन उठाना ही उचित नही समझते। चुनाव में तो आप सहयोग मांग रहे थे। अब आप फोन भी नही उठाते। दोनों गांवों का भाईचारा ठीक है। हम कोई सहयोग नही करेंगे। विधायक विनेश फोगाट ने कहा कि चलो ठीक है। यह कहकर विधायक आगे निकल गई।

### दुष्यंत चौटाला को बुजुर्ग ने सुनाई खरी-खोटी

## चौटाला बोले- मलाई तू खावै, बुजुर्ग ने कहा- पेंशन तन्नै नी तेरे पड़दादा नै बनाई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



हरियाणा के भिवानी में जलभराव वाले एरिया का दौरा करने गए पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को एक बुजुर्ग ने खरी-खोटी सुनाई। दुष्यंत ने पहल की तो बुजुर्ग भी पीछे नहीं रहे। दुष्यंत चौटाला 10 सितंबर को भिवानी के धनाना गांव में जलभराव के हालात का जायजा लेने पहुंचे थे। इसी दौरान 80 वर्षीय बुजुर्ग धीरा के साथ उनकी बातचीत हुई। दुष्यंत और बुजुर्ग धीरा के सवाल जवाब का ये वीडियो अब खूब वायरल हो रहा है। वीडियो में बुजुर्ग ने दुष्यंत चौटाला को कहा है कि कितने चक्कर काट ले भाई, ईब कुछ कोनी। दुष्यंत बोले मलाई चाटै तू, 3 हजार पेंशन ले तू, किसने बनाई पेंशन। बुजर्ग ने जवाब दिया कि तन्नै कुछ ना करा, तेरे पड़दादा ने पेंशन बनवाई थी।

#### बातचीत के कुछ अंश

दुष्यंत: 3 हजार किसने करे ?
बुजुर्ग: उसी के कारण होरे हैं, तन्ने नहीं करे भाई।
दुष्यंत: मन्नै नहीं करे?।
बुजुर्ग: नहीं
दुष्यंत: ईब सैनी 3,500 करेगा?
बुजुर्ग: म्हारा तो कोई भी कोनी एक पिसा बढांदा। तन्ने म्हारा के करा, या बी बता के जा।
*(जिसके बाद दुष्यंत कार्यकर्ताओं के साथ वहां से चले जाते हैं।)*
कार्यकर्ता: अपणा मारै छां म्ह गेरै।
बुजुर्ग: यो अपणा कौनी।

## मनोज यादव बने हिपा के महानिदेशक



**चंडीगढ़।** राज्यपाल ने सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी मनोज यादव को गुरुग्राम स्थित हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हीपा) का महानिदेशक नियुक्त किया है। ये नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि मनोज यादव की नियुक्ति की शर्तें व नियम अलग से जारी किए जाएंगे। उन्हें जल्द ही नई जिम्मेदारी संभालने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश की प्रति मनोज यादव को उनके दिल्ली स्थित आवास पर भेजी गई है। साथ ही, महालेखाकार, सभी अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और आयुक्त-सचिवों को भी सूचित किया गया है।


### ई-नीलामी सूचना

(बिल्डिंग स्क्रैप का क्षतिग्रस्त स्टॉक।) ई-नीलामी फॉर्म इच्छुक खरीदारों से निपटान के लिए आमंत्रित किए जाते हैं, सख्ती से "जैसा है जहां है" के आधार पर, प्रति किलोग्राम के आधार पर बचाव के लिए। I) लोहे के स्क्रैप का क्षतिग्रस्त स्टॉक लगभग। 60 मीट्रिक टन और II) टिन शीट का क्षतिग्रस्त स्टॉक लगभग। 15 मीट्रिक टन सर्वेक्षण द्वारा नियंत्रित: । सक्षम ISLA मेसर्स गिरिराज कोटेड फैब प्राइवेट लिमिटेड, खसरा नंबर -63, 47 केएम स्टोन, दिल्ली रोहतक रोड, गांव रोहद, टोल प्लाजा बहादुरगढ़ के पास, हरियाणा - 124001 का निरीक्षण 13/09/25 से 18/09/25 के बीच किया जा सकता है, श्री नितिन -8810331841 से पूर्व नियुक्ति लेने के बाद। ई-नीलामी 19/09/25 को होगी। ई-नीलामी फॉर्म के लिए, खुशी से मोबाइल: 9990857386 पर संपर्क करें।

**साल्वर सेटलर्स प्राइवेट लिमिटेड (नीलामीकर्ता)**

पता: 203, द्वितीय तल, उषा किरण बिल्डिंग, आजादपुर वाणिज्यिक परिसर आकाश सिनेमा के पास दिल्ली - 110033

या वेबसाइट से डाउनलोड करें :

**www.salvorsettlers.com**

ई-नीलामी फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 19/09/25 दोपहर 12:30 बजे से पहले है।



### उत्तर रेलवे

**ई–निविदा**

**खुली निविदा संख्या 29–अम्बाला/2025–26 दिनांक 11.09.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यो हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यो के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंबाला डिवीजन में सी एंड डब्ल्यू डिपो, सीडीजी में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार। | 74,46,663 | 1,48,900 | 04 महीने | 06.10.2025 |
| 2 | (i) एडीईएन/एसआईआर के अधिकार क्षेत्र में एलएचएस पहुंच मार्गो, लेवल क्रॉसिंग, बैलास्टेड पुलों आदि पर ट्रैक की व्यवस्थित ओवरहालिंग, जिसमें रेल नवीनीकरण, बैलास्ट कुशन को ऊपर उठाना, चेक रेल को बदलना और अन्य सहायक कार्य शामिल हैं। (ii) एडीईएन/एसआईआर के अधिकार क्षेत्र में पुल संख्या 209, 128, 131, 178, 313 का मेटलाइजिंग और पेंटिंग के साथ–साथ पुल की विविध मरम्मत । | 1,78,83,522 | 2,39,400 | 08 महीने | 06.10.2025 |
| 3 | एडीईएन/एसआईआर के अंतर्गत एसआईआर, एमआरएनडी, केआरएलआई, एनएलडीएम में टाइप–ii, iii, iv क्वार्टर की जैक आर्च छत की मरम्मत। | 2,80,25,091 | 2,90,100 | 08 महीने | 06.10.2025 |
| 4. | एडीईएन/आरपीजे के अंतर्गत एसएसई/वर्क्स/आरपीजे अनुभाग में आरपीजे, केएनएन में टाइप–ii, iii, iv क्वार्टर की जैक आर्च छत की मरम्मत। | 1,87,02,966 | 2,43,500 | 08 महीने | 06.10.2025 |

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–।।।) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

2775/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### जेल अधिकारियों द्वारा पहने जाने वाले प्रतीक चिन्ह और कंधे पर लगे बैज पर विवाद

# पुलिस और जेल विभाग के बीच ठनी, डीजीपी ने जेल नियम 2022 में संशोधन की सिफारिश की

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस और जेल विभाग के बीच इन दिनों शीत युद्ध के हालात चल रहे हैं। यह युद्ध जेल अधिकारियों द्वारा पहने जाने वाले प्रतीक चिन्ह और कंधे पर लगे बैज को लेकर चल रहा है। हरियाणा के दो विभागों के बीच इस खींचतान को लेकर सियासत को लेकर विभिन्न विभागों में चर्चा का माहौल है। सूत्रों का कहना है कि हरियाणा जेल नियम 2022 में संशोधन की सिफारिश करते हुए सूबे के डीजीपी द्वारा एक पत्राचार के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह को लिखकर नियमों के अध्याय 42 में बदलाव का प्रस्ताव दे दिया है। लेकिन इसके विरुद्ध जेल अफसरों ने लामबंदी दिखाते हुए एसीएस को एक ज्ञापन भेजकर इस संशोधन पर आगे नहीं बढ़ने की अपील कर दी है। फिलहाल गृह विभाग और सरकार ने इस पर कोई भी अंतिम फैसला नहीं लिया है।

विवाद जेल अधिकारियों द्वारा पहने जाने वाले (प्रतीक चिन्ह) खासकर राज्य के प्रतीक चिन्ह और कंधे पर लगे बैज वर्दी पर लगे एक स्टार को लेकर शुरू हुआ। पुलिस विभाग का दावा है कि यह जेल अधिकारियों के वास्तविक पद और वेतनमान को गलत तरीके से दर्शा रहा है।

#### पुलिस विभाग के अफसरों का तर्क

पुलिस विभाग के अनुसार यह प्रतीक चिन्ह पारंपरिक रूप से वर्दीधारी सेवाओं में वरिष्ठ पदों को दर्शाते हैं। भारतीय सेवा में जिस प्रकार से लेफ्टिनेंट कर्नल और पुलिस विभाग में पुलिस अधीक्षक और दोनों हाई सैलेरी पोस्ट होती हैं, इस तरह से उनका तर्क है कि ऐसे प्रतीक चिन्ह वेतनमान और रंक अनुशासन से गहराई से जुड़े हुए हैं। वर्दीधारी बालों के बीच संयुक्त अभियानों के दौरान समन्वय बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं। उधर, जेल अधिकारियों ने वर्दी को लेकर कहना है कि वेतन और बैज एक कार्यात्मक पद और जिम्मेदारी का प्रतीक होना चाहिए। इनका तर्क है की जेल अधीक्षक प्रथम श्रेणी के अधिकारी होते हैं।

#### जेल अधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा

उधर, इसके बाद में सूबे के जेल अधिकारियों ने अतिरिक्त मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा है। इसमें सरकार से प्रस्तावित संशोधन पर आगे ने बढ़ाने की अपील की गई है। तर्क दिया गया कि वर्दी का निर्धारण पद के आधार पर होता है, वेतनमान के आधार पर नहीं दोनों सेवाओं के बीच अंतर पर जोर देते हुए कहा गया है की जेल और पुलिस अधिकारी अलग-अलग अक्षरों वाले बैज पहनते हैं। जिसमें स्पष्ट तौर पर लिखा जाता है पुलिस अधिकारी और जेल अधिकारी जिसके कारण अंतर करने में भ्रम वाली बात नहीं हैं। पूरे मामले में राज्य की नायब सैनी सरकार और गृह विभाग ने अभी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया है।


### उत्तर रेलवे

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेल्वे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेल्वे वेब साइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र सं. | नीलामी कैटलॉग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | UMB-Parkg-15-25 | बठिंडा रेलवे स्टेशन द्वितीय प्रवेश द्वार पर 480 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल (साइट प्लान के अनुसार)। | 16.09.2025 12:00 |
| 2 | UMB-Parkg-16-25 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर कुल क्षेत्रफल 1808.23 वर्ग मीटर (1514.23 वर्ग मीटर + 294 वर्ग मीटर) का व्यापक पार्किंग स्थल। | 18.09.2025 12:00 |
| 3 | UMB-Mix-24-25 | बरवाला रेलवे स्टेशन के परिचालित क्षेत्र में कुल 300.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का व्यापक पार्किंग स्थल। | 19.09.2025 12:00 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2764/25



### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहताश, पुत्र:** श्री बलबीर शर्मा, **पता:** मकान नं. 212/15, गली नं. 4, अजमेर बस्ती, भिवानी रोड, जींद सदर, जींद (हरियाणा) ने मुकदमा **FIR No. 399/2019 U/s 279/427 IPC, थाना: रोहिणी उत्तर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहताश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहताश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि कोर्ट मुकदमा **FIR No. 399/2019 U/s 279/427 IPC, थाना: रोहिणी उत्तर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रोहताश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 107, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/11999/RD/2025
(Court Matter)


# कुत्ते के काटने या आवरा पशुओं के हमले से मौत से पर मिलेगा मुआवजा

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य के निवासियों को कुत्ते के काटने अथवा आवारा, लोगों द्वारा छोड़े पशुओं जैसे गाय, बैल, बैलगाड़ी के बैल, गधे, कुत्ते, नीलगाय, भैंस आदि के हमले से हुई आकस्मिक मृत्यु, दिव्यांगता अथवा चोट लगने की स्थिति में आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु-2) लागू की है। यह योजना उन सभी परिवारों को कवर करती है, जो परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) के तहत पंजीकृत हैं और जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय फैमिली इंफॉर्मेशन डाटा रिपॉजिटरी (एफआईडीआर) में सत्यापित अनुसार 1.8 लाख से कम है।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, जिनके पास वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का दायित्व भी है, ने इस सम्बन्ध में अधिसूचना जारी कर दी है। यह योजना अधिसूचना की तिथि से लागू हो जाएगी।


### कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री लेख राज, श्रीमती राम कली, (प्रोस्पैक्ट नं. 888316) | मुस्तिल नं. 98, यादव नगर, किल्ला नं. 11 (0-17), बुधपुर रोड, रेवाड़ी, हरियाणा-123401, भारत के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1449.00, 662.00, 596.00 | रु. 434408/- (रुपये चार लाख चौंतीस हजार चार सौ आठ केवल) | 23/04/2025 | 09/09/2025 |
| श्री नवीन, श्रीमती दीपिका डेयरी, लेडीज गारमेंट, (प्रोस्पैक्ट नं. IL10653401) | गांव बारोली, तहसील व जिला जीन्द, हरियाणा, भारत-126114 में स्थित खेवट नं. 225, खतौनी नं. 245, खसरा नं. 197 (1-10) में निहित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1361.00, 1124.00, 900.00 | रु. 378393/- (रुपये तीन लाख अठहत्तर हजार तीन सौ तिरानवे केवल) | 09/06/2025 | 09/09/2025 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : अवनी प्लाजा, प्रथम तल, खसरा नं. 27/11, 27/11/1, वाका मौजा ऊंछा गोआं, यादव कॉलोनी, मोहना रोड, निकट यादव डेयरी, एसबीआई बैंक के ऊपर, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा-121004, अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 12.09.2025 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.



### सार्वजनिक सूचना

**ICICI Bank** पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007 कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की एक ई-नीलामी 22 सितम्बर 2025 को आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : आदमपुर | |
| 085962006511 | कीर्ति कुमार |
| 085962007478 | कैलाश ना |
| शाखा का नाम : अग्रोहा | |
| 093362003860 | कुलदीप सिंह |
| 093362003868 | सत्यवान सत्यवान |
| 093362005410 | मेवा सिंह |
| शाखा का नाम : अम्बाला – अनाज मण्डी | |
| 432962000369 | रीना देवी |
| शाखा का नाम : अम्बाला कैंट – गुलाटी मार्केट | |
| 139862002075 | मोहित मोहित |
| शाखा का नाम : अम्बाला – नॉवल्टी चौक | |
| 373057000027 | महिन्दर कुमार |
| शाखा का नाम : असंध | |
| 215857000094 | संदीप कुमार |
| 215862003488 | मोहित राणा |
| शाखा का नाम : बाबियां | |
| 215362001738 | सुरेन्द्र सिंह |
| 215362003436 | अभिषेक* |
| शाखा का नाम : बालसमंद | |
| 661262602337 | हरीश राजा |
| शाखा का नाम : बराड़ा, हरियाणा | |
| 359562001479 | रजनी देवी |
| 359562002768 | गौरव* |
| शाखा का नाम : बरवाला – मेन मार्केट | |
| 396762001087 | महिन्दर सिंह |
| शाखा का नाम : बरवाला, हरियाणा | |
| 359062002357 | विनोद कुमार |
| 359062002602 | मुकेश कुमार |
| 359062002607 | सलोचना देवी |
| 359062002609 | जितेन्द्र जितेन्द्र |
| 359062002621 | रानी बाई |
| शाखा का नाम : बावल | |
| 349862000655 | अनिल कुमार |
| 214162000595 | अनुप ना |
| 349862000730 | हवन कुमार |
| शाखा का नाम : बेरी | |
| 403762000667 | विपिन विपिन |
| शाखा का नाम : भट्टू मण्डी, हरियाणा | |
| 359362003290 | गोपी राम |
| 359362003292 | रोहित गोदारा |
| शाखा का नाम : भिवानी | |
| 072962003761 | मोहित ग्रेवाल |
| शाखा का नाम : भिवानी मण्डी, हरियाणा | |
| 360062001174 | अमित पंवार |
| शाखा का नाम : बिलासपुर – सरस्वती मार्केट | |
| 383362001508 | रिम्पी* |
| शाखा का नाम : डीग मण्डी | |
| 381062001289 | सुशीला देवी |
| शाखा का नाम : ऐलनाबाद, हरियाणा | |
| 359462001065 | धरमवीर धरमवीर |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – नीलम बाटा | |
| 661362603143 | गुरिया रे |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर–14 | |
| 489062000051 | मोहन सिंह |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – बल्लभगढ़ | |
| 140162002557 | प्रदीप कुमार |
| 140162002643 | सौरभ सुमन |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर–16 | |
| 008357000964 | सागर |
| 008362016621 | नितिन नागपाल |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 008362017966 | विरेश कुमार पांडे |
| 008362017997 | आशा यादव |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – डीएलएफ कार्पोरेट पार्क | |
| 732562000674 | कार्तिक वत्स |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – आईआईडी ट्रेड सेंटर | |
| 533062000031 | मोनू यादव |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – मालीबू टाउन, सैक्टर–50 | |
| 244762002066 | तनु राणा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – न्यू रेलवे रोड | |
| 424462000743 | रजनीश लीलरान |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर–48 | |
| 418462000769 | अरूण भाटी |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सुशांत लोक–I | |
| 739257000009 | सैयद सदाफ इमाम |
| 739262000638 | सैयद सदाफ इमाम |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – यूटीडब्ल्यू साइबर पार्क | |
| 732757000012 | दिनेश कुमार |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – बादशाहपुर | |
| 085862002636 | सद्दीफा अलीम शेख |
| 085862002968 | मनीष गोयल |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – हीरो होण्डा | |
| 057557000013 | दीबा नजीर चिल्लु |
| 057562002077 | कल्पना शर्मा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर–10ए | |
| 114662002911 | परोमिता सिन्हा |
| 114662003107 | अर्पित अरोड़ा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर–57 | |
| 114762001996 | पूजा पूजा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – साउथ सिटी वन | |
| 555357000001 | रवि शंकर |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सुशांत लोक | |
| 031462007728 | मोनिका लाल |
| शाखा का नाम : गुरूग्राम – सेक्टर–5 | |
| 776362000128 | अरूण कुमार |
| शाखा का नाम : हिसार – अर्बन एस्टेट | |
| 661662601728 | अजय कुमार |
| शाखा का नाम : इसराना | |
| 211762001450 | दिलबाग मलिक |
| शाखा का नाम : जाखल, हरियाणा | |
| 356562001854 | सुखविन्दर सिंह |
| शाखा का नाम : जीन्द | |
| 050357000399 | गौरव गौरव |
| 050357000401 | गौरव गौरव |
| शाखा का नाम : कैथल | |
| 086162003333 | बलिन्दर बलिन्दर |
| 086162003344 | रानी रानी |
| 086157000134 | कार्तिक सरदाना |
| शाखा का नाम : कलानौर, हरियाणा | |
| 775162000039 | अनिल कुमार |
| शाखा का नाम : कालांवाली, हरियाणा | |
| 359862001500 | मोहप्रीत सिंह |
| शाखा का नाम : खरखौदा | |
| 396862000740 | प्रवीन प्रवीन |
| 396862001512 | विकाश कुमार |
| शाखा का नाम : कुरूक्षेत्र – पिपली रोड | |
| 249362000820 | मानक सिंह |
| शाखा का नाम : महम | |
| 382562001516 | अमित |
| 382562001515 | हरिओम हरिओम |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : मण्डी डबवाली | |
| 197857000278 | जगजीत सिंह |
| 197862006399 | सलेन्दर सलेन्दर |
| 197862006916 | जगजीत सिंह |
| शाखा का नाम : मुजेरी – आईएमटी सैक्टर–70 | |
| 779862000059 | दीपक कुमार |
| शाखा का नाम : नारायणगढ़ | |
| 093162004352 | पीरदिया पीरदिया |
| 093162004354 | दीप चंद |
| शाखा का नाम : नारनौल | |
| 159062003303 | श्री दीपक |
| 159062003760 | सुनील कुमार |
| 159057000018 | सोनू यादव |
| शाखा का नाम : नीमरीवाली | |
| 453762000009 | मुकेश कुमारी |
| शाखा का नाम : पंचकूला – सेक्टर–19 | |
| 429562000520 | रीना देवी |
| शाखा का नाम : पंचकूला – सेक्टर–7 | |
| 341462000517 | गौरव बतरा |
| शाखा का नाम : पंचकूला – सेक्टर–25 | |
| 373762000502 | सीमा सीमा |
| शाखा का नाम : पंचकूला – अर्बन एस्टेट | |
| 093562001683 | शमशेर सिंह |
| शाखा का नाम : रादौर | |
| 397662001892 | कुसुम रानी |
| शाखा का नाम : रानियां, हरियाणा | |
| 359757000011 | राम कुमार |
| 359757000021 | राम कुमार |
| शाखा का नाम : रेवाड़ी – सनसिटी | |
| 733762000377 | तुषार तुषार |
| शाखा का नाम : सफीदों | |
| 282762001928 | धरमपाल सिंह |
| शाखा का नाम : शाहबाद | |
| 073162004431 | जसवंत सिंह |
| शाखा का नाम : सिरसा | |
| 073362002851 | नरेन्द्र कुमार |
| शाखा का नाम : सोनीपत | |
| 030262004172 | नवीन कुमार |
| 030262004067 | मनीष छिकारा |
| शाखा का नाम : सोनीपत – गोहाना रोड | |
| 545362000046 | मनदीप कादयान |
| शाखा का नाम : तोशाम | |
| 419062000795 | अंकित कुमार |
| शाखा का नाम : उकलाना मण्डी, हरियाणा | |
| 360462001340 | नान्ही देवी |
| 360462001424 | राकेश वर्मा |
| शाखा का नाम : यमुनानगर – बाईपास चौक | |
| 254362000959 | सन्नी सन्नी |
| शाखा का नाम : देहरादून – सहस्त्रधारा रोड | |
| 533862000017 | नेहा मलिक |
| शाखा का नाम : दिल्ली – रोहिणी सेक्टर–7 | |
| 344362001362 | हरदीप सिंह |
| शाखा का नाम : कैराना | |
| 320962004411 | नदीम नदीम |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – चांदनी चौक | |
| 629257003916 | सर्वेश |
| शाखा का नाम : सारदूलगढ़, पंजाब | |
| 356762004110 | अरिहंत जैन |
| शाखा का नाम : शाहजहांपुर (अलवर) | |
| 466162000044 | प्रवीन कुमार |
| शाखा का नाम : उधमपुर | |
| 044762001375 | शीला शीला |

दिनांक : 12.09.2025
स्थान : अम्बाला, गुरुग्राम, हिसार, जीन्द, करनाल, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, कैथल, फरीदाबाद, भिवानी, कुरूक्षेत्र, पंचकूला, महेन्द्रगढ़, यमुनानगर, रेवाड़ी, पानीपत, झज्जर, फतेहाबाद, चरखी दादरी, पटौदा, हरियाणा

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

रोहतक
शुक्रवार, 12 सितंबर 2025
अश्विन मास कृष्ण पक्ष, पंचमी वर्ष : 29, अंक : 223
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 35.9
न्यून. 24.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,548.73 | 123.58 ▲ |
| निफ्टी | 25,005.50 | 32.40 ▲ |

| धातु | कीमत | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| सोना | 1,13,100/- | 100/- ▲ |
| चांदी | 1,28,000/- | 500/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | गिरावट |
|---|---|---|
| रुपया | 88.47 | 36 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 67.28 बैरल 0.24% ▼
पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।




## खबर संक्षेप

### 121 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी गुजरात में छापेमारी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने अहमदाबाद स्थित एक निजी कंपनी के खिलाफ 121 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में गुजरात में कई जगहों पर छापेमारी की है। सीबीआई ने एक बयान में कहा कि बुधवार को अहमदाबाद और गांधीनगर में तीन स्थानों पर छापेमारी की गई तथा आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए। भाषा

### ऐश्वर्या राय के नाम और तस्वीर के उपयोग पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय



बच्चन के व्यक्तिगत पहचान के अधिकारों की रक्षा करते हुए व्यावसायिक लाभ के लिए ऑनलाइन मंचों पर उनके नाम और तस्वीरों का अवैध रूप से इस्तेमाल किए जाने पर रोक लगा दी है। उच्च न्यायालय ने कहा कि ऐसा करना ठीक नहीं हैं। भाषा

### ड्रीम11 यूनिकॉर्न सूची से बाहर

**मुंबई।** सरकार के पैसा आधारित गेमिंग कंपनियों की गतिविधियों को विनियमित करने के लिए कानून पेश किए जाने के बाद, ड्रीम11 और गेम्स24x7 सहित चार स्टार्टअप ने प्रतिष्ठित यूनिकॉर्न का दर्जा खो दिया है। यूनिकॉर्न सूची से बाहर होने वाले पैसा आधारित गेम (आरएमजी) से जुड़ी दो अन्य स्टार्टअप गेम्सक्राफ्ट (तीन करोड़ उपयोगकर्ता) और मोबाइल प्रीमियर लीग (नौ करोड़) हैं। भाषा

### दिल्ली से काठमांडू जा रहे विमान में आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली से काठमांडू जा रही स्पाइसजेट फ्लाइट की टेल (पिछले हिस्से) में आग लग गई। इसके बारे में एक दूसरे विमान के पायलट से पता चला। यह घटना तब हुई जब विमान रनवे पर उड़ान भरने के लिए खड़ा था। फ्लाइट में 100 से ज्यादा यात्री सवार थे। प्लेन को सुबह 8:10 बजे दिल्ली एयरपोर्ट से उड़ान भरनी थी, लेकिन पिछले हिस्से की पाइप में आग लगने की वजह से प्लेन ने दोपहर 3 बजे उड़ान भरी। एजेंसी

# अंतरिम पीएम पर नेपाली युवा प्रदर्शनकारी दोफाड़

**जेन जे का एक गुट बोला, कार्की भारत समर्थक हमें मंजूर नहीं**

- अब बालेन शाह और कुलमन घीसिंह का नाम पीएम के लिए आगे किया
- सेना मुख्यालय के बाहर दोनों गुटों में जमकर हाथापाई, कई घायल
- जेन जे के नेता बोले, हमारा मकसद, संविधान नहीं, संसद भंग करना
- भ्रष्टाचार और बुजुर्ग नेताओं से तंग आ चुके, इसलिए आंदोलन किया
- आंदोलन में अब तक 34 की मौत, 1300 से अधिक लोग घायल

**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल में युवा प्रदर्शनकारियों के बीच अंतरिम पीएम के नाम को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। गुरुवार को इसे लेकर जेन-जे दोफाड़ हो गया। इसके बाद सेना मुख्यालय के बाहर दोनों गुटों के बीच हाथापाई हो गई। इसमें कई युवक घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों के एक गुट ने अंतरिम पीएम के लिए सुशीला कार्की के नाम को खारिज कर दिया है। गुट का आरोप है कि सुशीला कार्की भारत समर्थक हैं और उन्हें यह स्वीकार नहीं हैं। गुट मांग कर रहा है कि काठमांडू मेयर बालेन शाह पीएम बने। अगर बालेन नहीं बनते हैं तो नेपाल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी के पूर्व सीईओ कुलमन घिसिंग पीएम उम्मीदवार होंगे। जेन जे प्रदर्शनकारियों ने कुलमन घीसिंग का नाम आगे बढ़ाया है। पीएम के नाम को लेकर सेना मुख्यालय में 2 दिन से प्रदर्शनकारी गुटों के साथ बातचीत चल रही है। एक गुट बातचीत को सेना मुख्यालय की जगह राष्ट्रपति भवन में करने की मांग कर रहा है। नेपाल के काठमांडू में तख्तापलट के दो दिन बाद गुरुवार को जेन-जे नेता सामने आए। अनिल बनिया और दिवाकर दंगल ने कहा कि युवाओं ने यह विरोध-प्रदर्शन बुजुर्ग नेताओं से तंग आकर किया है। हमारा मकसद संविधान नहीं, संसद भंग करना है।

## राजधानी व उससे सटे क्षेत्रों में तीसरे दिन भी कर्फ्यू






### कौन हैं कुलमन

कुलमन घिसिंग लोडशेडिंग खत्म करने के लिए 'हीरो' माने जाते हैं। वह कुशल प्रशासक और गैर-राजनीतिक व्यक्ति हैं। वैसे मीटिंग में कई अन्य नामों पर भी चर्चा हुई, मगर कुलमन घीसिंग को ज्यादा सपोर्ट मिला। वजह है कि कुलमन नेपाल में ऊर्जा क्षेत्र में सुधार लाने वाले हैं और भ्रष्टाचार से दूर माने जाते हैं। आर्मी चीफ ने भी कुलमन के नाम पर हामी भर दी है। इसके अलावा, जेन-जे का एक धड़ा मानता है कि कुलमन स्थिरता ला सकते हैं।

### खुद ही मार रहे पलटी

दरअसल, यह यूटर्न जेन-जे प्रदर्शनकारियों की वर्चुअल मीटिंग्स और आंतरिक बहसों का नतीजा है। पहले नेपाल पीएम की रेस में सुशीला कार्की सबसे आगे थीं। उसके बाद काठामांडू के मेयर ही फेवरिट थे। मगर उनके नाम पर सहमति नहीं बनी। खुद मेयर बालेन उर्फ बालेंद्र शाह ने सुशीला कार्की के नाम पर सहमति दी और उनका समर्थन किया। 10 सितंबर को 5000 से ज्यादा जेन-जे युवाओं की वर्चुअल मीटिंग में सुशीला कार्की का नाम सबसे आगे आया था। मगर आर्मी चीफ के साथ गुरुवार को बातचीत के बाद अब सुशीला कार्की का नाम पीछे हट गया। अब कुलमन घिसिंग पीएम की रेस में सबसे आगे हो गए हैं।

### राष्ट्रपति ने की शांति की अपील

नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने प्रदर्शनकारियों से शांति की अपील करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य संवैधानिक ढांचे के भीतर राजनीतिक संकट का समाधान ढूंढ़ना है।अंतरिम सरकार के लिए राजनीतिक बातचीत जारी रहने के बीच काठमांडू और देश के अन्य हिस्सों में स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है, जहां सेना संवेदनशील इलाकों में गश्त कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, सोमवार से शुरू हुए दो दिनों के हिंसक प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है।

**वाराणसी में पीएम मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत, द्विपक्षीय वार्ता में कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर**

# भारत-मॉरीशस स्थानीय मुद्रा में करेंगे कारोबार



- दोनों नेताओं ने रोड शो निकाला, लोगों ने काफिले पर फूल बरसाए
- पीएम मोदी बोले, भारत-मॉरीशस पार्टनर ही नहीं, एक परिवार

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम का काशी में भव्य स्वागत किया गया। दोनों नेताओं ने यहां करीब तीन किमी लंबा रोड शो निकाला। इस दौरान लोगों ने पुष्पवर्षा की। इसके बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। इसमें कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। भारत ने अमेरिकी डॉलर को झटका देते हुए कहा कि अब भारत और मॉरीशस स्थानीय मुद्रा में कारोबार करेंगे। बता दें कि अभी तक यह कारोबार अमेरिकी डॉलर में होता है। इस फैसले से अमेरिकी डॉलर को झटका लगेगा। इस मौके पर मोदी ने कहा कि भारत और मॉरीशस पार्टनर नहीं, परिवार हैं। यह सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक मिलन है।

### दोनों देशों के बीच 7 समझौते

भारत-मॉरीशस में 7 समझौतों-एमओयू पर हस्ताक्षर के साथ उनका आदान-प्रदान किया गया। जबकि तीन घोषणाएं हुई। समझौतों में विज्ञान-प्रौद्योगिकी, समुद्री विज्ञान, लोकसेवा-प्रशासनिक सुधार, विद्युत, लघु विकास परियोजनाओं, हाइड्रोग्राफी और स्पेस जैसे क्षेत्र मुख्य हैं। जबकि घोषणाओं में आईआईटी मद्रास, मॉरीशस विवि, रेडुइट के बीच एमओयू हुआ, भारतीय प्लांटेशन प्रबंधन संस्थान (बेंगलुरु), मॉरीशस विवि के बीच एमओयू टैमरिंड फॉल्स में 17.5 मेगावाट की फ्लोटिंग सोलर पीवी परियोजना स्थापित करने के लिए जीटूजी को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई गई है।

### हम विकास की यात्रा में साथ : रामगुलाम

मॉरीशस के पीएम डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने कहा- भारत मॉरीशस की प्रगति और विकास की यात्रा में हमेशा साथ रहा है। वाराणसी पहुंचने पर मुझे और मेरी पत्नी को मिले स्वागत से हम आश्चर्यचकित रह गए। मेरा मानना है कि किसी भी अन्य प्रधानमंत्री को ऐसा स्वागत कभी नहीं मिला होगा। मुझे खुशी है कि यह आपका निर्वाचन क्षेत्र है। मैं समझ सकता हूं कि आप इतनी बड़ी जीत कैसे दर्ज करते हैं। (पैकेज पेज-3 पर )

**धर्मांतरण मामला**

## नूंह में नए कानून के तहत पहली गिरफ्तारी

**नूंह (हरिभूमि न्यूज)।** जबरन धर्मांतरण और शोषण के मामले में महिला थाना नूंह पुलिस ने मुख्य आरोपित आज़म निवासी मालब को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी हरियाणा गैरकानूनी धर्मांतरण प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत नूंह में हुई पहली कार्रवाई है। पीड़ित शीला उर्फ कंचन यूपी अपने दो बच्चों के साथ नूंह में रह रही थीं। वर्ष 2020 में उसकी मुलाकात आज़म से हुई। शीला के अनुसार आज़म ने एक मौलाना से मिलकर और धमकाकर उसका धर्मांतरण कराया। मौलाना ने कलमा पढ़वाकर उसका नाम शीला से बदलकर साईबा रखा और जबरन आज़म के साथ निकाह भी कराया। आजम ने उसका यौन शोषण भी किया। परेशान होकर उसने पुलिस का शिकायत दी।

प्यार में फंसाकर जबरदस्ती धर्म परिवर्तन करवाया

**राष्ट्रपति भवन में समारोह**

## राधाकृष्णन आज लेंगे उपराष्ट्रपति पद की शपथ

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को शुक्रवार को पद की शपथ दिलाएंगी। अधिकारियों ने बताया कि महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल राधाकृष्णन सुबह 10 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। राधाकृष्णन (67) ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों से हराया। तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा 21 जुलाई को अचानक इस्तीफा दिए जाने के कारण यह चुनाव कराया गया।



राधाकृष्णन ने रेड्डी को 152 मतों से हराया था

**आईईडी बनाने का सामान मिला**

## 4 राज्यों से 5 संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ और केंद्रीय एजेंसियों ने कई राज्यों में समन्वित छापेमारी के बाद पाकिस्तान स्थित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया और पांच संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि यह मॉड्यूल देश में बड़ा हमला करने की योजना बना रहा था। इस मॉड्यूल के मास्टरमाइंड की पहचान अशर दानिश के रूप में हुई है और उसे झारखंड के रांची से गिरफ्तार किया गया, जबकि दो संदिग्धों - मुंबई निवासी आफताब और सूफियान को दिल्ली, मुजपा को तेलंगाना से गिरफ्तार किया गया, जबकि एक और आतंकवादी कामरान को भी गिरफ्तार किया गया है।

सभी पांचों लोगों की उम्र 20 से 25 साल

**कई घंटे चली मुठभेड़**

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने 10 नक्सली मार गिराए

**गरियाबंद (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 10 नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मारे नक्सलियों में प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के एक वरिष्ठ नेता और केंद्रीय समिति सदस्य (सीसीएम) मोड़ेम बालकृष्ण उर्फ भास्कर भी शामिल है। एस पर एक करोड़ का इनाम था। रायपुर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने बताया कि गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में यह मुठभेड़ हुई। मैनपुर क्षेत्र के जंगलों में सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन, विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और ई-30 (जिला पुलिस की एक इकाई) को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था।

मारे गए नक्सलियों में एक करोड़ का इनामी बालकिशन शामिल

**संदिग्ध हिरासत में**

## ट्रंप के करीबी चार्ली की गोली मारकर हत्या

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका की यूटा वैली यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान कंजरवेटिव युवा नेता और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी चार्ली किर्क की गोली मारकर हत्या कर दी गई। चार्ली किर्क की हत्या में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया था, लेकिन कई घंटों पूछताछ के बाद उसे रिहा कर दिया। सुरक्षा एजेंसियां हत्यारे की तलाश में जुटी हैं। किर्क यूटा वैली विवि के एक कार्यक्रम में भाषण दे रहे थे, तभी उनके गले में गोली मार दी गई। ट्रंप न इस वारदात के लिए कट्टर वामपंथी सोच को जिम्मेदार बताया।



विवि में भाषण दे रहे थे तभी गर्दन में गोली मारी

# कैथल कोर्ट ने गवाही पर आए इंस्पेक्टर को गैरहाजिर होने पर एक घंटे सलाखों में डाला

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ कैथल

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कैथल मोहित अग्रवाल की अदालत ने गुरुवार को एक केस की सुनवाई के दौरान सभी को हैरान कर दिया। कोर्ट ने स्टेट ऑफ हरियाणा बनाम गौरव केस में गवाह जांच अधिकारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार को कोर्ट में गैरहाज़िर रहने के चलते एक घंटे तक हिरासत में लेने के आदेश दिए। कोर्ट के आदेशों पर पुलिस इंस्पेक्टर को वर्दी सहित 10:30 बजे से लेकर 11:30 बजे तक कोर्ट परिसर में बंदियों के लिए बने बक्शी खाना (सलाखों) के पीछे रखा। इस घटना के बाद पुलिस विभाग में कोर्ट की इस कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं।



- ***इंस्पेक्टर राजेश को वर्दी सहित 10:30 से 11:30 बजे तक बंदियों के लिए बने बक्शी खाना (सलाखों) के पीछे रखा***
- ***बिना लिखित आदेश सलाखों में डालने पर विभाग में रोष***

### सिरसा के बड़ाबूढ़ा थाने में एसएचओ हैं इंस्पेक्टर राजेश

पुलिसकर्मियों का कहना है कि कोर्ट का एसएचओ स्तर के अधिकारी के साथ ऐस व्यवहार उचित नहीं था? कई लोग इसे अपमानजनक बता रहे हैं और मानते हैं कि अदालत की नाराजगी अपनी जगह सही है, लेकिन कार्रवाई का तरीका ठीक नहीं था। इंस्पेक्टर राजेश कुमार वर्तमान में सिरसा जिले के बड़ाबूढ़ा थाने में बतौर एसएचओ तैनात हैं। उन पर आरोप है कि वह गवाही के लिए कई तारीखों पर कोर्ट के सामने पेश नहीं हुए, जिसके चलते अदालत ने 29 अगस्त को उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कर दिए थे। वीरवार को जब वह गवाही देने पहुंचे तो अदालत ने उन्हें एक घंटे के लिए सलाखों के पीछे भेज दिया।

**फैसला सुरक्षित** राज्यपालों के अधिकार पर आखिरी सुनवाई में सीजेआई की बड़ी टिप्पणी

# राज्यपाल अपने कर्तव्य में विफल रहते हैं तो क्या हम चुप बैठ जाएं

**केंद्र ने कहा, राष्ट्रपति व राज्यपाल पर डेडलाइन लागू करना गलत**

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को विधेयकों को मंजूरी देने के संबंध में राष्ट्रपति के संदर्भ पर फैसला सुरक्षित रखते हुए पूछा कि यदि राज्यपाल जैसे संवैधानिक पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में विफल रहते हैं तो क्या हम चुप होकर बैठ जाएं। शीर्ष कोर्ट ने यह बात राष्ट्रपति की ओर से भेजे गए उस संदर्भ पर कही, जिसमें पूछा गया था कि क्या राज्यपाल और राष्ट्रपति किसी विधेयक को मंजूरी देने में अनिश्चितकाल तक देरी कर सकते हैं और क्या अदालत उनके लिए कोई समयसीमा तय कर सता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

## राज्यपाल के विवेकाधीन अधिकारों में अदालत दखल न दे

### दस दिन चली सुनवाई

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने 10 दिन तक चली मैराथन सुनवाई में राष्ट्रपति के संदर्भ पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, अभिषेक सिंघवी, गोपाल सुब्रमण्यम, अरविंद दातार और अन्य सहित कानूनी दिग्गजों की दलीलें सुनीं।



### यह बोले सीजेआई

सीजेआई ने कहा, 'कोई भी व्यक्ति चाहे कितने भी ऊंचे पद पर क्यों न हो, संविधान के संरक्षक (उच्चतम न्यायालय का संदर्भ) के रूप में... मैं सार्वजनिक रूप से कहता हूँ कि मैं शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत में दृढ़ विश्वास रखता हूँ और यद्यपि न्यायिक सक्रियता होनी चाहिए, लेकिन न्यायिक अतिवाद या दुस्साहस नहीं होना चाहिए।

**न्यायालय समय सीमा तय न करे : एसजी**

दलीलों के अंतिम दिन एसजी तुषार मेहता को उस समय टोका जब उन्होंने शक्तियों के पृथक्करण को संविधान की मूल संरचनाओं में से एक बताया और कहा कि न्यायालय को समयसीमा तय नहीं करनी चाहिए और राज्यपालों की विवेकाधीन शक्तियों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

### केंद्र का जवाब

केंद्र की तरफ से पेश मेहता ने कहा, 'केवल न्यायालय ही नहीं, कार्यपालिका भी नागरिकों के मौलिक अधिकारों की संरक्षक है... विधायिका भी संरक्षक है, तीनों अंग संरक्षक हैं।' 'लेकिन, एक समन्वय संवैधानिक पदाधिकारी के विधायी विवेकाधीन कार्यों के संबंध में राज्यपालों को परमादेश (किसी व्यक्ति को सार्वजनिक कर्तव्य निभाने के लिए कहने वाला रिट) जारी करना शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघन होगा और शक्तियों का यह पृथक्करण मूल संरचना का एक हिस्सा है।' राज्यपाल किसी विधेयक पर हमेशा के लिए नहीं बैठ सकते, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि अनुच्छेद 200 के तहत उनके पास विवेकाधीन शक्तियां नहीं हैं और 'स्ट्रेटजैकेट फॉर्मूला' के रूप में मंजूरी देने के लिए समयसीमा तय की जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### सूदखोरों पर भूना पुलिस का शिकंजा, एक काबू

**फतेहाबाद।** अवैध रूप से ऊंचे ब्याज दर पर पैसे उधार देने और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का शोषण करने वाले सूदखोर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए भूना पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। पुलिस को शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि प्रवीण कुमार पुत्र भीम सिंह निवासी फरीदपुर, जिला हिसार स्थानीय लोगों को अवैध रूप से ऊँचे ब्याज पर ऋण देता था और बाद में मानसिक प्रताडन्ना, धमकियों और अभद्र भाषा के जरिये उनसे जबरन वसूली करता था।

### यमुनानगर में दो फाइनेंसरों पर केस

**यमुनानगर।** लोगों को धमकी देकर ब्याज के नाम पर वसूली करने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। यमुनानगर व फरकपुर थाना पुलिस ने अधिक ब्याज वसूलने वाले दो फाइनेंसरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार वीना नगर निवासी दीपक ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी फरकपुर निवासी सुखदेव उससे कर्ज के पैसे लेने के बाद भी परेशान कर रहा है। वहीं उधर, जिला अंबाला के गांव कड़ासन निवासी गुरदास ने शहर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा करमचंद पंचकूला में ड्राइवरी करता है। उसे पैसों की जरूरत थी। उसे अपने दोस्त के माध्यम से माडल टाउन के फाइनेंसर साहब सिंह के बारे में पता लगा। उससे साहब सिंह से 50 हजार रुपये ब्याज पर ले लिए। पैसे लेने के बाद भी आरोपी और पैसे मांग रहा है। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज किया है।

### हत्या के प्रयास मामले में तीन गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** हत्या का प्रयास के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना छायंसा में यशोदा निवासी गांव मौजपुर ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसका पति सुरेश व गांव का ही एक व्यक्ति सत्ती दोनों भेड़ बकरी चराते हैं। जिनकी आपस में कहासुनी हुई थी, जिसकी रंजिश रखते हुए सत्ती ने उसके पति को धमकी दी थी। 1 सितंबर की रात जब उसका पति सुरेश अपने प्लॉट में सो रहा था तो सत्ती वासी मौजपुर द्वारा भेजे गए तीन लडक़ों ने उसके पति के साथ मारपीट की और घायल कर दिया।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना छायंसा की टीम ने कार्रवाई करते हुए अतर सिंह उर्फ सत्ती निवासी गांव मौजपुर फरीदाबाद, नितेश व दीपक निवासी गांव अटाली फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।

# रूसी सेना में फंसे फतेहाबाद के युवकों के सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट, परिजन चिंतित



बोले- तीन दिन बाद युद्ध में भेजा जाएगा

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद के गांव कुम्हारिया के दो युवकों अंकित और विजय के रूसी सेना में फंसने का मामले में अब एक नया मोड़ आया है। रूसी आर्मी को पता चल गया कि युवक वीडियो बनाकर भारत में अपने परिवारों को भेज रहे हैं। जिसके बाद अब उनके मोबाइल से वॉट्सऐप डिलीट कर दिया गया। इस बात की जानकारी यूक्रेन में ही फंसे हरियाणा के युवक विजय ने इंस्टाग्राम पर अपने दोस्त को मैसेज करके दी है, मैसेज में उसने ये भी बताया कि 3 दिन बाद अब उन्हें युद्ध के लिए लेकर जाने वाले हैं। इसके बाद से युवकों के सोशल मीडिया अकाउंट से भी सम्पर्क नहीं हो पा रहा है। ऐसे में दोनों युवकों की सुरक्षा को लेकर उनकी चिंताएं बढ़ती जा रही है। दोनों युवकों को सुरक्षित भारत लाने के लिए युवकों के परिजनों ने दौड़-धूप तेज कर दी है। परिवार नेताओं व अधिकारियों संपर्क कर रहा है।

## भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा : रूसी सेना में नौकरी के ऐसे ऑफर्स न लें

### विजय ने फेसबुक मैसेंजर से मैसेज भेजा बताया उसका व्हाट्सएप डिलीट करवा दिया

रशिया में फंसे कुम्हारिया गांव के विजय ने बुधवार रात फेसबुक मैसेंजर के जरिए अपने साथी रमेश कुमार के पास मैसेज भेजा। मैसेज में उसने बताया कि उसका व्हाट्सएप डिलीट कर दिया है। इस मैसेज को रमेश कुमार ने गुरुवार सुबह देखा। सुबह 5 बजकर 7 मिनट पर रमेश ने उसे रिप्लाई करते हुए उसे टेंशन न लेने और जल्द कोई समाधान निकलने की बात कही लेकिन चिंताजनक बात यह है कि विजय ने अभी तक रमेश द्वारा भेजे गए मैसेज को सीन नहीं किया है और न की कोई रिस्पांस दिया है, जिससे परिजन चिंतित है। बता दें कि विजय और अंकित ने अपने परिजनों को वीडियो भेजकर मदद की गुहार गाई है। वीडियो में कहा गया कि हमारे पास 2-3 दिन ही बचे हैं।

### केन्द्र सरकार ने जारी किया बयान, रूस के अधिकारियों के साथ उठाया जा रहा मामला

रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती को लेकर केंद्र सरकार ने अपना बयान जारी किया है। मामले से जुड़े मीडिया के सवालों के जवाब में गुरुवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने हाल ही में रूसी सेना में भारतीय नागरिकों की भर्ती के बारे में रिपोर्ट देखी हैं। सरकार ने पिछले एक साल में कई मौकों पर इस तरह की कार्रवाई में निहित जोखिमों और खतरों को रेखांकित किया है। इसके हिसाब से ही भारतीय नागरिकों को आगाह भी किया गया है। हमने दिल्ली और मॉस्को दोनों जगहों पर रूसी अधिकारियों के साथ भी यह मामला उठाया है। हमने अनुरोध किया है कि इस प्रथा को समाप्त किया जाए। हमारे नागरिकों को वापस भेजा जाए।

### परिजन दिल्ली व चंडीगढ़ रवाना

अंकित और विजय के परिजन फिर चण्डीगढ़ और दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। दिल्ली में रूसी एम्बेसी, रक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय में जाकर युवकों को बचाने की गुहार लगाएंगे। इसके अलावा कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं सिरसा सांसद कुमारी सैलजा ने भी विदेश मंत्री जयशंकर को इस मामले में पत्र लिखा है। उधर, मामले को लेकर केंद्र सरकार भी सक्रिय हो गई है।

**सांसद सैलजा ने युवाओं को रूस-यूक्रेन युद्ध में धकेले जाने पर जताई चिंता**

सांसद कुमारी सैलजा ने फतेहाबाद जिले के कुम्हारिया गांव के दो युवाओं अंकित जांगड़ा और विजय पूनियां को धोखे से रूस ले जाकर यूक्रेन सीमा पर युद्ध में धकेले जाने की घटना पर गहरी चिंता और आक्रोश व्यक्त किया है। सांसद ने इस मामले में केंद्र सरकार से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। कुमारी सैलजा ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल इन दोनों युवाओं का वीडियो देखकर मन अत्यंत व्यथित है। यह केवल एक मानवीय संकट नहीं बल्कि हरियाणा में बेरोजगारी की भयावह स्थिति को भी उजागर करता है।



### भाजपा जिलाध्यक्ष से मिले ग्रामीण



फतेहाबाद। रशियन आर्मी में नौकरी के लालच में यूक्रेन में फंसे फतेहाबाद के गांव कुम्हारिया के दो युवकों के परिजनों ने सैकड़ों ग्रामीणों के साथ भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा से मुलाकात की तथा वहां फंसे गांव के युवकों को सुरक्षित वापिस लाने की गुहार लगाई। जिलाध्यक्ष ने इस पर तुरंत प्रभाव से एक्शन लेते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से फोन पर बात की और पंचायत की मांग उन तक पहुंचाई। इसी दौरान बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने भारत के रक्षा मंत्रालय को भी पूरे विवरण के साथ ई-मेल कर युवाओं को छुड़वाने की अपील की। जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा की मेल पर संज्ञान लेते हुए केंद्र सरकार ने एक्शन लिया है।

# नारनौल में कार ने ऑटो को टक्कर मारी, 12 छात्राएं घायल, हिसार में बच्चों से भरी स्कूल बस सड़क में धंसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नेशनल हाईवे नंबर-11 पर गांव भांखरी के पास ऑटो व कार की टक्कर हो गई। जिसमें ऑटो में सवार सरकारी स्कूल के विद्यार्थी घायल हो गए। इस हादसे के बाद बच्चों की चीख पुकार मच गई। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बच्चों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार गांव डोहर खुर्द व डोहर कलां की छात्राएं गांव गोद स्थित राजकीय स्कूल में पढ़ाई करने जाती हैं। इस हादसे में गांव डोहर की 12 छात्राएं अलका, मोनिका, गायत्री, नीरू, मुकेश, नीतू, ममता, प्रीति, दीपिका, गीता रानी, नेहा व खुशी घायल हो गई। वीरवार सुबह छात्राएं ऑटो में बैठकर स्कूल जा रही थी, जैसे ही वे ऑटो नेशनल हाईवे पर गांव भांखरी के फ्लाइओवर के नीचे पहुंचा, तो सर्विस रोड पर रॉन्ग साइड से आ रहे एक कार ड्राइवर ने ऑटो को टक्कर मार दी। जिसके बाद वहां पर चीख पुकार मच गई तथा लड़कियां जोर जोर से चिल्लाने लगी। जिसके बाद आसपास के लोग दौड़कर वहां आए और उन्होंने छात्राओं को संभाला तथा हादसे की जानकारी लोगों ने तुरंत डायल 112 पर फोन करके पुलिस व एम्बुलेंस को दी।

## भांखरी के पास फ्लाईओवर के नीचे हादसा, सर्विस रोड पर रॉन्ग साइड आकर कार ने मारी टक्कर



### लोग बोले-गाड़ी चालक नशे में था

हादसे के बाद मौके पर काफी लोगों की भीड़ पर जमा हो गई। वहां मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि गाड़ी चालक ने नशे में था। जिसके कारण यह हादसा हुआ है। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की भीड़ को वहां से हटाया। वहीं दूसरी ओर हादसे की सूचना मिलते ही बच्चों के अभिभावक घबरा गए। इनमें से कई अभिभावक अपने काम पर भी चले गए थे, लेकिन सूचना मिलने के बाद वह अपना काम छोड़कर बच्चियों को संभालने के लिए अस्पताल पहुंच गए।

### लोगों ने गाड़ी चालक को पकड़ा, बाद में मौका पाकर फरार

गांव डोहर कलां की छात्रा ने बताया कि वह तथा अन्य छात्राएं डोहर कलां से स्कूल में जा रही थी। गांव भांखरी के पास रॉन्ग साइड से गाड़ी वाले ने ऑटो को टक्कर मार दी। ऑटो वाले की कोई गलती नहीं थी। गाड़ी वाले को पकड़ भी लिया था, लेकिन बाद में वह मौके से भाग गया।

**पुलिस अधिकारी बोले- आरोपी को जल्द गिरफ्तार करेंगे :** इस बारे में डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि सूचना मिली थी कि गांव भांखरी के पास स्कूली बच्चों का एक ऑटो का कार के साथ एक्सीडेंट हो गया है। जिसमें छह से सात बच्चे घायल हो गए हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। जिस कार के ड्राइवर ने एक्सीडेंट किया है, उसको कब्जे में ले लिया है, चालक मौके से फरार हो गया। जिसको जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## बस में 50 बच्चे थे, गड्ढे में धंसने से अफरातफरी मच गई

**हिसार।** गांव धांसू-बुगाना रोड पर बच्चों को लेकर जा रही स्कूल बस का टायर सड़क में धंस गया। बच्चों से भरी हुई बस का टायर जैसे ही सड़क में धंसा तो अचानक जोरदार झटका लगा, जिससे बच्चों में अफरा-तफरी मच गई और वे भयभीत हो गर्ई। बस में लगभग 50 बच्चे बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलती ही प्रशासन एक्टिव मोड़ में आ गया और सड़क धंसने से बने गड्ढे को भरवा दिया।जानकारी के अनुसार यह हादसा धांसू-बुगाना रोड पर हुआ। लक्ष्य पब्लिक स्कूल के संचालक रमेश कुमार के अनुसार बस रोजाना बुगाना गांव से बच्चे लेकर धांसू आती है। यह बस धांसू में बनी ढाणियों से भी बच्चों को लेकर जाती है। रोजाना की तरह बस गुरुवार सुबह भी निकली थी और स्कूल की ओर जा रही थी। इसी दौरान रोड के बीच सफेद पट्टी के पास बस का पिछला टायर सड़क में धंस गया। ड्राइवर ने तुरंत बच्चों को बस से उतार दिया था।

### ग्रामीण बोले- बस चालक की लापरवाही

उधर, ग्रामीणों का आरोप है कि इस हादसे में पूरी तरह से बस के चालक की लापरवाही है। उन्होंने बताया कि सड़क पहले से टूटी हुई थी। बारिश और जलभराव के कारण सड़क कमजोर हुई थी और टूट गई थी और इसमें छोटा सा गड्ढा था। इससे कोई हादसा न हो, इसलिए लोगों ने इसके चारों और ईंटें रख दी थीं और गड्ढे को चिह्नित करने के लिए उसमें घास-फूंस भी लगा रखा था। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल बस के ड्राइवर ने उस गड्ढे को अनदेखा किया।

### सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**फरीदाबाद।** नगर निगम सफाई कर्मचारियों ने नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर बृहस्पतिवार सुबह प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर के गांव भतौला स्थित निवास पर उनके पिता रूप सिंह नागर को, प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल के सैक्टर-16 स्थित सागर सिनेमा कार्यालय पर उनकी अनुपस्थिति में उनके निजी सचिव राहुल राज को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनों का नेतृत्व प्रदेश उपमहासचिव सुनील चिण्डालिया व अन्य ने किया।

**सूचना**

मैं, श्रीभगवान उर्फ पप्पू हुड्डा पुत्र श्री प्रताप सिंह निवासी मकान नं. 206/21, सुखपुरा हैफेड रोड, रोहतक बयान करता हूं कि मेरी पत्नी मोनिका हुड्डा व मेरा पुत्र रोहन हुड्डा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं अपनी पत्नी से सम्बन्धविच्छेद करता हूं और अपने पुत्र को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, पूनम रानी पत्नी श्री स्वराज निवासी मकान नं. 301ए/12, तिलक नगर एक्सटेंशन गली नं. 6ए, ऑफिसर कॉलोनी के पीछे, रोहतक, हरियाणा-124001 बयान करती हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम पूनम दर्ज है व मेरी दसवीं की मार्कशीट में मेरा नाम पूनम रानी दर्ज है और अब मैं अपना पासपोर्ट पूनम के नाम से बनवाना चाहती हूं। पूनम व पूनम रानी एक ही औरत है और एक ही औरत के नाम हैं।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शिमली के बाबा वाले तालाब व छोटे तालाब की मछली पालन हेतु दिनांक 19 सितंबर 2025 को प्रातः 10 बजे शुक्रवार को खुली बोली पुरानी चौपाल में होगी जिसमें बोलीदाता जमानत राशि 20000/- (बीस हजार रूपये) जमा करवा कर बोली दे सकता है बाकी शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

ग्राम सचिव शिमली मो. 8571026994 — सरपंच ग्राम पंचायत शिमली रोहतक मो. 9467338932

## राशिफल

**मेष:** कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष:** मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन:** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला:** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु:** व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ:** मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मैट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

## सास को जिंदा जलाने की दोषी बहू को आजीवन कारावास

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिफा की अदालत ने केरोसिन छिड़क आग लगा सास की हत्या करने के जुर्म में पुत्रवधु को आजीवन करावास तथा पचास हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषी पुत्रवधु को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अदालत में चले अभियोग के अनुसार गांव खातला निवासी साहब सिंह की पत्नी सुमित्रा ने मरने से पूर्व 29 सितंबर 2021 को पुलिस को दिए बयान में बताया था कि 27 सितबर दोपहर को वह अपने मकान में चारपाई पर सोई हुई थी। उसी दौरान उसकी पुत्रवधु संगीता ने केरोसिन का तेल डाल कर आग लगा दी। बचाव में शोर मचाए जाने पर उसका देवर तथा देवरानी मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने आग को बुझा कर उसे सफीदों के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने सुमित्रा की हालात गंभीर देख पीजीआई रेफर कर दिया था लेकिन परिजन उसे पानीपत के निजी अस्पताल में ले गए। जहां पर उपचार के दौरान बाद में सुमित्रा ने दम तोड़ दिया था।

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र SPACE APPLICATIONS CENTRE
अहमदाबाद AHMEDABAD-380015

विज्ञापन सं.: सैक: 02:2025, दिनांक 12.09.2025

इसरो के विभिन्न केंद्रों/इकाइयों एवं भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (अंतरिक्ष विभाग के तहत स्वायत्त निकाय) में सहायक (राजभाषा) के पद पर भर्ती हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| पद कोड | पद का नाम वेतन मैट्रिक्स में वेतन एवं स्तर | रिक्तियों की संख्या एवं आरक्षण विवरण | आयु सीमा |
|---|---|---|---|
| 05 | सहायक (राजभाषा) स्तर- 04 (₹25,500-₹81,100) | कुल - 06 (अना. -04, अ.ज.जा. -01, अ.पि.व.-01) | 02.10.2025 को 18 से 28 वर्ष तक |
| 06 | सहायक (राजभाषा) स्तर- 04 (₹25,500-₹81,100)) | कुल - 01 (अना.) | 02.10.2025 को 18 से 28 वर्ष तक |

- पद कोड - 05 के 04 अना. पदों में से आईपीआरसी (महेंद्रगिरी), इस्ट्रैक (बेंगलूरु), एलपीएससी (वलियामाला, तिरुवनंतपुरम) और यूआरएससी (बेंगलूरु) प्रत्येक के लिए 01 पद चिह्नित है।
- पद कोड - 05 का 01 अ.पि.व. पद एड्रिन (सिकंदराबाद) के लिए चिह्नित है।
- पद कोड - 05 का 01 अ.ज.जा. पद सैक (अहमदाबाद) के लिए चिह्नित है।
- पद कोड 06 का 01 अना. पद आईआईएसटी (तिरुवनंतपुरम) के लिए चिह्नित है।

आवेदन मात्र ऑन-लाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन के पंजीकरण के लिए ऑन-लाइन भर्ती पोर्टल 12.09.2025 को 0930 बजे से 02.10.2025 को 1700 बजे तक उपलब्ध रहेगा। इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत विज्ञापन के लिए और ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने के लिए हमारी वेबसाइट https://www.sac.gov.in > Careers में देखे।

cbc49107/11/0004/2526

## शब्द पहेली - 5986



**बाएँ से दाएँ**

1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य, ध्येय-4
8.सयाना, चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**

2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

मंगल सैणचा, बैंगलोर

**शब्द पहेली- 5985 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | ■ | म | त | वा | ला |
| ह | रा | ■ | त | ■ | का | म | ना | ■ | दा | वा |
| न | ■ | बे | र | ह | म | ■ | ना | रा | ■ | रि |
| शी | ल | वा | न | ■ | या | द | ■ | नी | र | स |
| ल | ■ | प | ■ | ख | ब | र | ची | ■ | न | ■ |
| ता | र | न | हा | र | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | म | ■ | र | ह | ब | र | ■ | यं | ■ | प |
| प्र | ण | य | ■ | रा | हु | ■ | ब | क | वा | स |
| ति | ■ | दा | स | ■ | बे | क | रा | र | ■ | न्द |
| का | न | ■ | चि | रा | ग | ■ | म | ■ | क | हो |
| र | म | जा | न | ■ | म | द | द | क | र | ना |






## खबर संक्षेप

### लालू, तेजस्वी के खिलाफ चार्ज पर फैसला सुरक्षित



**नई दिल्ली।** नौकरी के बदले जमीन घोटाले मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और अन्य के खिलाफ नौकरी के बदले जमीन मामले में आरोप पत्र पर फैसला सुरक्षित रखा गया है। सीबीआई ने राबड़ी देवी, तेजस्वी, अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।

### फारूक को आप नेता संजय से मिलने से रोका



**श्रीनगर।** श्रीनगर स्थित सर्किट हाउस में बृहस्पतिवार को उस समय नाटकीय दृश्य पैदा हो गया जब पुलिस ने जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला को आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह से मिलने से रोक दिया। पुलिस ने सर्किट हाउस के गेट बंद कर दिए थे। आप सांसद सिंह डोडा से विधायक मेहराज मलिक से मिलने जा रहे थे।

### रामदास ने बेटे को पार्टी से निकाला



**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजनीति में गुरुवार को उस समय बड़ा घटनाक्रम हुआ, जब पीएमके के संस्थापक एस. रामदास ने गुरुवार को अपने बेटे अंबुमणि रामदास को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। उन्होंने अंबुमणि पर अभूतपूर्व पार्टी विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाया और उन्हें 'खरपतवार' कहा।

### अरुणाचल, कर्नाटक में मूसलाधार बारिश होगी



**नई दिल्ली।** देशभर भारी बारिश की संभावनाओं के चलते भारतीय मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग ने अरुणाचल प्रदेश और कर्नाटक के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।15 सितंबर तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।कई जिलों में येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

---

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम के बीच हुई बैठक

# भारत ने मॉरीशस को दिया 680 मिलियन का आर्थिक पैकेज, स्थानीय मुद्रा में होगा व्यापार

दोनों देश स्थानीय मुद्राओं में व्यापार करने के लिए भी राजी हुए। जल्द ही इसकी आधिकारिक रूप से शुरुआत की जाएगी। आर्थिक पैकेज से मॉरीशस में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली**

वैश्विक संघर्षों, हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में बढ़ती समुद्री चुनौती और अमेरिकी टैरिफ संकट के बीच गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ.नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ वाराणसी में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के आपसी संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों के अलावा क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी व्यापक रूप से चर्चा की गई। बैठक के महत्वपूर्ण निष्कर्षों में जहां एक ओर भारत ने मॉरीशस को कुल 680 मिलियन डॉलर (25 मिलियन की बजटीय सहायता समेत) का विशेष आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की है। वहीं, दूसरी ओर दोनों देश स्थानीय मुद्राओं में व्यापार करने के लिए भी राजी हुए। जल्द ही इसकी आधिकारिक रूप से शुरुआत की जाएगी। आर्थिक पैकेज से मॉरीशस में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ होंगी। विदेश मंत्रालय ने 11 सितंबर को जारी किए गए अपने बयान के जरिए यह जानकारी दी है।

## मोदी बोले, भारत-मॉरीशस दो देश, लेकिन हमारे सपने और भविष्य एक

**भारत की 8 दिवसीय राजकीय यात्रा पर है रामगुलाम**



### भारत की राजकीय यात्रा पर डॉ.रामगुलाम

गौरतलब है कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री बीते 9 सितंबर से भारत की 8 दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं। उनके साथ उनकी पत्नी वीना रामगुलाम, कैबिनेट के 6 मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और एक व्यावसायिक प्रतिनिधिमंडल भी शामिल है। वाराणसी के बाद पीएम रामगुलाम अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन करेंगे। उनका तिरुपति जाने का भी कार्यक्रम है। जिसके बाद वह नई दिल्ली लौटेंगे और यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ वह शिष्टाचार भेंट करेंगे।

**वाराणसी के बाद पीएम रामगुलाम अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन करेंगे**

### इन तीन भागों में बंटेगा यह आर्थिक पैकेज

मंत्रालय ने कहा कि मॉरीशस को दिए गए 680 मिलियन डॉलर के आर्थिक पैकेज को तीन भागों में बांटा गया है। पहले भाग में 215 मिलियन डॉलर का अनुदान दिया गया है। जिसमें नया सर शिवसागर रामगुलाम राष्ट्रीय अस्पताल, आयुष उत्कृष्टता केंद्र, पशु चिकित्सा विद्यालय-अस्पताल, हेलीकॉप्टरों के प्रावधान जैसी 4 परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अन्य भाग में 440 मिलियन डॉलर की अनुदान-सह एलओसी वाली 4 परियोजनाएं शामिल हैं। जिनमें एसएसआर हवाईअड्डे पर नए एटीसी टावर का निर्माण कार्य पूरा करना, मोटरवे एम4 का विकास, रिंग रोड चरण 2 का विकास, सीएचसीएल द्वारा बंदरगाह उपकरणों की खरीद मुख्य है। दूसरे भाग में रणनीतिक मोर्चे पर मॉरीशस में बंदरगाह का पुनर्विकास-पुनर्निर्माण और चागोस समुद्री संरक्षित क्षेत्र के विकास, निगरानी में भारत सहायता करेगा।

### मॉरीशस ने साझा भविष्य में किया भारत ने निवेश

प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि भारत द्वारा मॉरीशस को दिया गया आर्थिक पैकेज किसी तरह की कोई सहायता नहीं है। बल्कि यह हमारे साझा भविष्य में किया गया निवेश है। पिछले साल मॉरीशस में यूपीआई और रुपे कार्ड की शुरुआत हुई थी और अब हम स्थानीय मुद्रा में व्यापार को सक्षम करने की दिशा में काम करेंगे। हम दोनों दो देश तो हैं ही लेकिन हमारे सपने और भविष्य भी एक हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि शीर्ष नेताओं की बातचीत में दोनों देशों के बीच स्थानीय मुद्रा में व्यापार के मामले पर सहमति बनी है। लेकिन वर्तमान में दोनों देशों के केंद्रीय बैंकों के बीच फिलहाल इस पर बातचीत जारी है। जिसमें तकनीकी मामले जैसे नॉस्ट्रो-वोस्ट्रो खातों को खोला जाना भी शामिल है।

#### आईओआर में प्रथम सुरक्षा प्रदाता

उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से ही आईओआर क्षेत्र में सबसे पहले प्रतिक्रिया करने वाले और एक अहम सुरक्षा प्रदाता के रूप में अपनी भूमिका निभाता रहा है। एक खुला हुआ स्वतंत्र, सुरक्षित, स्थिर और समृद्ध आईओआर भारत और मॉरीशस की साझा

#### चागोस को बताया ऐतिहासिक समझौता

प्रधानमंत्री ने मॉरीशस के पीएम और उनकी आम जनता को ब्रिटेन के साथ चागोस समझौता संपन्न होने की बधाई दी और कहा कि ये मॉरीशस की संप्रभुता की एक ऐतिहासिक जीत है। भारत ने हमेशा राजनीतिक स्वतंत्रता और मॉरीशस की

#### ऊर्जा सुरक्षा मानव संसाधन पर जोर

उन्होंने कहा, ऊर्जा सुरक्षा हमारी भागीदारी का एक अहम स्तंभ है। भारत, मॉरीशस के ऊर्जा पारगमन में सहयोग दे रहा है। मॉरीशस को दी जाने वाली 100 में से 10 इलेक्ट्रिक बसें पहुंच चुकी हैं। क्षेत्र में हुए व्यापक समझौते से इसे और बढ़ावा मिलेगा। दोनों ने तमारिंड फाल्स में 17.5 मेगावाट का फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट के निर्माण में सहयोग देने का निर्णय लिया है। मानव संसाधन विकास में हम लंबे समय से सहयोग करते आए हैं। अब तक भारत में 5 हजार से ज्यादा मॉरीशस के लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। 500 सिविल सेवकों का पहला बैच मसूरी में प्रशिक्षण ले रहा है। दोनों पक्षों ने तय किया है कि मॉरीशस का एक नया विज्ञान-प्रौद्योगिकी महानिदेशालय स्थापित किया जाएगा। जल्द ही हम वहां मिशन कर्मयोगी के प्रशिक्षण मॉड्यूल शुरू करेंगे। पीएम ने कहा, भारत का पहला जन औषधि केंद्र मॉरीशस में स्थापित हो चुका है। हमने निर्णय लिया है कि वहां आयुष सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, 500 बेड का सर शिवसागर रामगुलाम नेशनल अस्पताल व वेटेनरी स्कूल और पशु अस्पताल के निर्माण में सहयोग देंगे। आईआईटी मद्रास, आईआईओपीएम ने मॉरीशस विश्वविद्यालय के साथ समझौते किए हैं। जो शोध, शिक्षा, नवाचार में साझेदारी को नए पायदान पर ले जाएंगे।

---

### पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

## मिजोरम से पहली राजधानी एक्सप्रेस की कल से शुरुआत



**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 13 सितंबर को मिजोरम से दिल्ली के लिए पहली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन सैरांग स्टेशन (आइजोल) को दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल से जोड़ेगी। इसकी नियमित साप्ताहिक सेवा 19 सितंबर से शुरू होगी। यह जानकारी पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की ओर से शेयर की गई है। यह राजधानी एक्सप्रेस मिजोरम और देश की राजधानी के बीच पहली सीधी रेल सेवा होगी। ट्रेन 2,510 किलोमीटर की दूरी 43 घंटे 25 मिनट में तय करेगी, जिसकी औसत रफ्तार 57.81 किमी/घंटा होगी। राजधानी एक्सप्रेस के अलावा प्रधानमंत्री मोदी दो और ट्रेनों को भी रवाना करेंगे। यह ट्रेन हैं- सैरांग-गुवाहाटी डेली एक्सप्रेस और सैरांग-कोलकाता त्रि-साप्ताहिक ट्रेन।

#### यह रहेगा शेड्यूल

13 सितंबर को उद्घाटन के दिन ट्रेन का शेड्यूल नियमित सेवा से अलग रहेगा। 20 कोचों वाली यह ट्रेन सुबह 10 बजे सैरांग स्टेशन से रवाना होगी और सोमवार सुबह 7:30 बजे आनंद विहार स्टेशन पहुंचेगी। नियमित तौर पर ट्रेन संख्या 20597 के तहत यह राजधानी एक्सप्रेस 19 सितंबर को शाम 4:30 बजे सैरांग से रवाना होगी और 21 सितंबर को सुबह 10:50 बजे दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में, ट्रेन संख्या 20598 के रूप में यह 21 सितंबर को रात 7:50 बजे आनंद विहार से प्रस्थान करेगी और 23 सितंबर (मंगलवार) दोपहर 3:15 बजे सैरांग पहुंचेगी। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक बैराबी से सैरांग के बीच की नई लाइन अब तक विद्युतीकृत नहीं हुई है, इसलिए इस हिस्से में डीजल इंजन का इस्तेमाल होगा। गुवाहाटी से दिल्ली तक का सफर इलेक्ट्रिक इंजन द्वारा तय किया जाएगा।

### नितिन गडकरी का स्पष्ट संदेश

## ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री हमारी पहचान सड़क सुरक्षा हो पहली प्राथमिकता

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के 65वें सालाना सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने साफ कहा कि ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री सिर्फ गाड़ियां बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मेक इन इंडिया की पहचान है और विकसित भारत का अहम स्तंभ है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी ने हकीकत का आईना दिखाया।

#### जरूरी कदम उठाए

गडकरी ने कहा कि भारत में हर साल करीब पांच लाख लोग सड़क हादसों में जान गंवाते हैं। यानी हर मिनट कहीं न कहीं एक परिवार बिखर जाता है। गडकरी ने साफ कहा कि जब तक सड़क सुरक्षा को पहली प्राथमिकता नहीं बनाया जाएगा, तब तक किसी भी सुधार का मतलब अधूरा रहेगा। सरकार ने कदम जरूर उठाए हैं।

---

### सोनिया पर एफआईआर की मांग वाली याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने भारतीय नागरिकता मामले में सोनिया गांधी को बड़ी राहत दी है। अदालत ने भारतीय नागरिक बनने से पहले वोट देने का आरोप लगाने वाली याचिका खारिज कर दी है। याचिका में कहा गया था कि, भारतीय नागरिकता हासिल करने से पहले कैसे साल 1980 की मतदाता सूची में सोनिया ने अपना नाम जुड़वाया। एफआईआर दर्ज करने की भी मांग की गई थी। दायर शिकायत पर फैसला देते हुए राउज एवेन्यू कोर्ट कोर्ट ने कहा कि ये आरोप आधारहीन हैं। केस में पर्याप्त सबूत नहीं है। इसलिए इस याचिका को खारिज कर दिया जाता है।

### केरल में गंभीर रूप लेता जा रहा रोग

## ब्रेन ईटिंग अमीबा रोग से छह लोगों की मौत



**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

हाल के महीनों में केरल में ब्रेन ईटिंग अमीबा संक्रमण बड़ा खतरा बनकर उभरा है। विशेष रूप से कोझिकोड जिले और इसके आसपास के क्षेत्रों में ये बीमारी काफी तेजी से बढ़ती जा रही है। हालिया रिपोर्ट में स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में इस रोग से एक और मरीज की मौत हो गई है। इसके साथ केरल में अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस (ब्रेन ईटिंग अमीबा) रोग के कारण कुल मरने वालों की संख्या बढ़कर 6 हो गई है।

### विदेश मंत्रालय की चेतावनी

## खतरे से खाली नहीं रूसी सेना में भारतीयों का शामिल होना

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली**

यूक्रेन संघर्ष के बीच रूस की सेना में जारी भारतीयों की बेरोकटोक भर्ती के मामले की गूंज एक बार फिर से भारत में सुनाई दी है। गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने मामले पर चेतावनी देते हुए अपने नागरिकों से यह अपील की है कि वो रूस की सेना में भर्ती से जुड़े हुए किसी भी ऑफर से बचें। क्योंकि इसके पीछे काफी खतरा और जोखिम है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह जानकारी दी। जिसमें उन्होंने भारतीयों को रूस की सेना में भर्ती किए जाने के मामले का जिक्र किया।

#### रूसी अधिकारियों के समक्ष उठाया मुद्दा

जायसवाल ने कहा कि हमने मामले को नई दिल्ली और मॉस्को में मौजूद रूसी अधिकारियों के समक्ष उठाते हुए उनके देश की सेना में भारत के लोगों की भर्ती की प्रथा पर रोक लगाने व रूस की सेना में वर्तमान में सेवारत भारतीयों की तुरंत रिहाई सुनिश्चित करने की मांग की है। विदेश मंत्रालय मामले से जुड़े हुए प्रभावित परिवारों के संपर्क में बना हुआ है।

---

## व्यापार समाचार

### सेंसेक्स 124 अंक मजबूत, निफ्टी पहुंचा 25,000 अंक के पार

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी बनी रही और बीएसई सेंसेक्स 124 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 25,000 अंक के पार पहुंच गया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसक्स में लगातार चौथे दिन तेजी रही और यह 123.58 अंक की बढ़त के साथ 81,548.73 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में लगातार सातवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 32.40 अंक बढ़कर लगभग तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर 25,005.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, भारती एयरटेल, इटर्नल और सन फार्मा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

### सोना 100 रुपये बढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों की सतत लिवाली के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर 1,13,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के अबतक के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। यह 31 दिसंबर, 2024 को 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। अबतक इसमें 34,150 रुपये यानी 43.25 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 100 रुपये बढ़कर 1,12,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

### भारतीय लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों ने अगस्त 2025 में नए बिज़नेस में 6.01% की वृद्धि दर्ज की

**मुंबई।** 11 सितंबर 2025: लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल ने अगस्त 2025 के लिए इंडस्ट्री के ताज़ा बिज़नेस आंकड़े जारी किए हैं। आंकड़ों के अनुसार, भारतीय लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों द्वारा अंडरराइट किए गए नए बिज़नेस प्रीमियम में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 6.01% की वृद्धि दर्ज की गई है।नए बिज़नेस प्रीमियम वित्त वर्ष की अब तक की अवधि में (**YTD**) आधार पर 1,54,193.76 करोड़ रूपए से बढ़कर 1,63,461.52 करोड़ रूपए तक पहुंच गया। काउंसिल के अनुसार, व्यक्तिगत सिंगल प्रीमियम में साल की शुरुआत से अब तक 9.71% वृद्धि और व्यक्तिगत नॉन-सिंगल प्रीमियम में 4.51% की वृद्धि दर्ज की गई।इस मज़बूत प्रदर्शन का मुख्य कारण यह है कि बीमा कंपनियां नए जीवन बीमा खरीदारों को आवश्यक पॉलिसी लेने के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रही हैं। इसके चलते इस वर्ष व्यक्तिगत प्रीमियम में 6.20% की बढ़ोतरी हुई है।

---

# राहुल गांधी तोड़ रहे सुरक्षा के प्रोटोकॉल यह 'चिंता' का विषय : सीआरपीएफ

**सीआरपीएफ ने राहुल गांधी को भी एक अलग पत्र लिखकर इस मामले से अवगत कराया**

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की ओर से पिछली विदेश यात्राओं के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल के उल्लंघन का जिक्र किया है। सीएपीएफ ने राहुल गांधी को भी एक अलग पत्र लिखकर इस मामले से अवगत कराया है। सीआरपीएफ ने कहा है कि उनकी सुरक्षा को देखते हुए यह गंभीर चिंता का विषय है। सीआरपीएफ ने 10 सितंबर को दोनों नेताओं को भेजे गए अलग-अलग पत्रों में यह मुद्दा उठाया और भविष्य की यात्राओं के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने की अपील की।

### संभावित जोखिमों के प्रति चेताया



**भविष्य की यात्राओं के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने की अपील की**

पत्र में कहा गया है कि राहुल को एडवांस सिक्योरिटी लाइजन (एएसएल) कवर के साथ उच्चतम स्तर की जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त है। उन्होंने कई मौकों पर अनिवार्य सुरक्षात्मक उपायों का पालन करने में समर्थता जताई। सीआरपीएफ ने हाल ही में राहुल और खरगे दोनों को भेजे गए पत्र में कहा कि इस तरह की चूक वीवीआईपी सुरक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता को कमजोर करती है।

### सुरक्षा विंग को देनी होती है पूर्व सूचना

राहुल गांधी अक्सर निजी और राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए विदेश यात्रा करते रहे हैं। यलो बुक प्रोटोकॉल के तहत उच्च श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों को पर्याप्त सुरक्षात्मक तैनाती सुनिश्चित करने के लिए विदेश यात्रा सहित अपनी गतिविधियों के बारे में उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए नियुक्त सुरक्षा विंग को पूर्व सूचना देनी होती है। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने इन प्रक्रियाओं का लगातार पालन नहीं किया है। यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी की सुरक्षा जांच के दायरे में आई है। इससे पहले भी सुरक्षा एजेंसियों ने ऐसे मामलों को उजागर किया है।

**हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(एक महारत्न कंपनी)

**एचपी लुब्रिकेंट्स वितरकों की नियुक्ती**

योग्य उम्मीदवारों से विभिन्न स्थानों पर चैनल पार्टनर के रूप में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1. इंडस्ट्रियल ल्यूब डिस्ट्रीब्यूटर्स (आईएलडी)
2. बाजार ल्यूब डिस्ट्रीब्यूटर्स (बीएलडी/रुरल बीएलडी)

विज्ञापन और आवेदन प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट **https://www.hplubricants.in** पर जाएं और इस पथ का अनुसरण करें: Lube Distributor >> Become a Distributor.

विज्ञापन से संबंधित विवरण के लिए वेबसाइट पर अपलोड किए गए स्थानों/चयन दिशानिर्देशों को देखें। कोई आवेदन शुल्क नहीं है। आवेदन और सभी संलग्न/अटैचमेंट पूरी तरह से भरकर, 3 अक्टूबर 2025 को 23:59 बजे (आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि) से पहले ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए।

यदि कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट होगा, तो उसे वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा।

**SBI**
**भारतीय स्टेट बैंक**
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/10 (नियमित पद)**

| पद का नाम | श्रेणी | रिक्तियों की संख्या | 31.08.2025 को आयु (वर्ष) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | न्यूनतम | अधिकतम |
| प्रबंधक (उत्पाद-डिजिटल प्लेटफॉर्म) | एमएमजीएस-III | 34 | 28 | 35 |
| उप प्रबंधक (उत्पाद-डिजिटल प्लेटफॉर्म) | एमएमजीएस-II | 25 | 25 | 32 |

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/11 (नियमित पद)**

| पद का नाम | श्रेणी | रिक्तियों की संख्या | 31.08.2025 को आयु (वर्ष) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | न्यूनतम | अधिकतम |
| प्रबंधक (क्रेडिट विश्लेषक) | एमएमजीएस-III | 63 | 25 | 35 |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current-openings** पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US" > "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट (**https://bank.sbi/web/careers/post-your-query**) पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 11.09.2025 से 02.10.2025 तक.**

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 11.09.2025
**महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**

## चिंतन

# पड़ोसी नेपाल के हालात से सतर्क रहने की जरूरत

प्रधानमंत्री केपी ओली के इस्तीफा देने और सेना के मोर्चा संभालने के बाद धीरे-धीरे नेपाल का जनजीवन पटरी पर लौट रहा है। पूरे देश में वरिष्ठ नेताओं पर हमले हुए। संसद, सुप्रीम कोर्ट, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति आवास को जला दिया गया। जब नेपाली सेना ने मोर्चा संभाला, तब जाकर कुछ शांति लौटती दिख रही है। हालांकि, जेनरेशन-जी नेताओं ने राष्ट्रपति और सेना प्रमुख से बातचीत के दौरान कई मांगें रखी हैं। इनमें नेपाली संसद को भंग करना, जल्दी चुनाव करवाना और अपनी पसंद के गैर राजनीतिक व्यक्ति को प्रधानमंत्री नियुक्त करना शामिल है। ऐसा भी कहा जा रहा है कि प्रदर्शनकारी नेपाल के संविधान को बदलने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तस्वीर साफ नहीं है कि आगे क्या होने वाला है। हां, राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्र को आश्वासन दिया है कि वह संविधान के दायरे में देश के मौजूदा राजनीतिक संकट को सुलझाने के लिए काम कर रहे हैं। माना जा रहा है कि अभी अंतरिम सरकार बनाने की कवायद चल रही है। यही अंतरिम सरकार बाद में नेपाल में चुनाव करवाएगी। अभी नेपाल में जो बवाल और स्थिति है, उसे कंट्रोल करने के लिए अंतरिम सरकार की जरूरत है। अभी नेपाल का मुखिया कौन होगा, यह तय नहीं है। मगर माना जा रहा है कि सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का चीफ बनाया जा सकता है। अगले कुछ ही घंटों में यह साफ हो जाएगा कि नेपाल की कमान कौन संभालने वाला है, लेकिन अभी भी यक्ष प्रश्न यही है कि इतना बड़ा बवाल हुआ क्यों। नेपाल की पूर्व शिक्षा मंत्री सुमना श्रेष्ठ कहती हैं कि हंगामे के पीछे सोशल मीडिया पर प्रतिबंध मुख्य कारण नहीं है। यह तो बस ताबूत में आखिरी कील थी। मेरी पार्टी, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी 21 सांसद, संसद में चौथी सबसे बड़ी पार्टी बन गई, या काठमांडू के मेयर बालेंद्र शाह सबसे लोकप्रिय नेता बन गए, यह यूं ही नहीं हुआ। देश में गहरा आक्रोश और असमानता है। राजनीतिक दल वर्षों से किए गए अपने वादों पर खरे नहीं उतरे हैं। हमें नौकरी और शिक्षा के लिए पलायन करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। हर प्रतिष्ठान पर उन पार्टियों का कब्जा है जो निरंकुश संस्थाओं की तरह चलती हैं। प्रधानमंत्री पद म्यूजिकल चेयर की तरह चल रहा है। इसी से युवाओं में लंबे समय से बहुत गुस्सा था और कुछ निहित स्वार्थी समूह उनके गुस्से का इस्तेमाल कर रहे थे। इसी कारण लोगों के बिजनेस पर हमले हुए। प्रदर्शन शुरू होने के बाद पुलिस ने आधी रात तक बर्बर कार्रवाई की। यूनिफॉर्म पहले बच्चों को गोलियां मारी गई, जिसने आग में घी डालने का काम किया। विरोध इतना हिसंक हुआ कि 30 से ज्यदा लोगों की जान चली गई। अरबों रुपये की संपति का नुकसान हुआ। अब तय है कि सता और व्यवस्था में बड़ा बदलाव होगा। जेन जेड संविधान को पूरी तरह से खारिज करने के बजाय उसके कुछ अनुच्छेदों को निलंबित करना चाहता है। उम्मीद की जा रही है कि 6-12 महीनों में चुनाव होंगे और जनता के नेतृत्व वाली सरकार बनेगी। नेपाल में जो स्थिति बनी, उसके लिए प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकते। उनकी मनमानी नीतियां ही उन्हें ले डूबीं। नेपाल के लिए चिंता का विषय केवल यह नहीं कि वहां भावी अंतरिम सरकार किस रूप में गठित होगी। उसके लिए चिंतन की बात यह भी है कि युवाओं में दोबारा ऐसा आक्रोश पैदा न हो। यह सही समय है कि नेताओं की नई पीढ़ी नेपाल का नेतृत्व करने आगे आए और अपने पुराने नेताओं की गलतियों से सबक सीखे। भारत को भी नेपाल की चिंताजनक स्थितियों से सतर्क रहना होगा।

# स्त्री सशक्तीकरण में सहकारिता भागीदार



सहकारिता
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

देश के विविध क्षेत्रों में सहकारिता ने ऐसा संबल प्रदान किया है कि इसके साथ मैत्री स्थापित कर नि:शक्त, बुजुर्ग, महिलाएं और कामकाजी वर्ग सभी ने अपने जीवन को तराशना शुरू कर दिया है। खासकर, महिलाएं आर्थिक समृद्धि पा रही हैं। भारत की महिलाएं जो न केवल अपने जीवन में उजाला लाने में सक्षम बन रही हैं अपितु अपने घर परिवार को अच्छे से सहेज रही हैं। सरकार की तरफ से किया जा रहा यह प्रोत्साहन उनके जीवन को स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रहा है। एक बात सच यही है कि जब महिलाएं सशक्त होंगी तो भारत सशक्त बनेगा। इसलिए यह ज़रूरी है कि देश में सहकारिता को आगे बढ़ाया जाए और उसके केंद्र में महिलाएं हों।

सहकार से समृद्धि भारत में सहकारिता श्लोगन अब नहीं है। यह एक संगठित पहल बन गया है। विविध चुनौतियों के बीच आर्थिक सशक्तीकरण से ही कोई राष्ट्र अपने नागरिकों के सर्वाधिक कल्याण की बात सोच सकता है। देश के विविध क्षेत्रों में सहकारिता ने ऐसा संबल प्रदान किया है कि इसके साथ मैत्री स्थापित कर निःशक्त, बुजुर्ग, महिलाएं और कामकाजी वर्ग सभी ने अपने जीवन को तराशना शुरू कर दिया है। खासकर, महिलाएं आर्थिक समृद्धि पा रही हैं। भारत की महिलाएं जो न केवल अपने जीवन में उजाला लाने में सक्षम बन रही हैं अपितु अपने घर परिवार को अच्छे से सहेज रही हैं।

आधी आबादी के प्रश्न पर बात करने व उनके सभी अधिकारों की रक्षा करने की समय-समय पर उठती आवाजें यदि सहकारिता को अपने जीवन का हिस्सा बना लें तो उनको सशक्त होने से कोई रोक नहीं सकता। प्रायः देश में स्त्रियों के लिए जो स्त्रीवादी चिन्तक चिंता करते रहे हैं कि उन्हें पुरुषों के बराबर भागीदारी से वंचित किया जाता है और पितृसत्तात्मक समाज स्त्रियों के विकास में बाधा हैं। यह सहकारिता से जुड़ी महिलाओं ने अब यह सिद्ध कर दिया है कि पितृसत्तात्मक समाज जैसा विमर्श हमारे स्वावलंबी जीवन में न बढ़ा है और न ही इससे हम घबराते हैं। ये भारतीय महिलाएं सहकारिता से आत्मनिर्भर बनने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और हर तरह से सशक्त बनकर ऐसी मिसाल बनाने के लिए तत्पर हैं जो महिलाओं के स्वत्व को प्रतिबिंबित करते हैं। देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहाकारिता क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को लेकर अब इतना निश्चिन्त व आशान्वित हैं कि हमारे देश को चाहे कोई भी विकसित राष्ट्र बनने से रोके लेकिन सहकारिता से जुड़ी महिलाओं का उत्साह इस देश को सशक्त भारत बना देगा। गृह एवं सहकारिता मंत्री ने सच में इस मंत्रालय के माध्यम से पुरजोर प्रयास किया है और एक सक्षम समाज निर्माण करने की अपनी निष्ठा को मजबूती प्रदान की है। सहकारिता क्षेत्र में यह उनका अपना पुरुषार्थ अब बोल रहा है। सफलताओं की अनेक कहानियां कह रहा है। सशक्त एवं सक्षम महिलाएं जो कि सहकारिता के माध्यम से अपने जीवन में गुणात्मक सुधार लायी हैं, वह उनके सहकारिता संवाद में भी दिखा है। यह सनावद कार्यक्रम अब भारत में सराहना बटोर रहा है। सहकारिता क्षेत्र में बुनियादी बातें जो महिला केंद्रित हैं, उसे भी जानना ज़रूरी है। इसके तहत यदि हम सर्वप्रथम बात करें बहु-राज्य सहकारी समितियों की तो इसके बोर्ड में महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था अब दिखने लगी है। पहले जो बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम-2002 था, उसमें संशोधन करके बहु-राज्य सहकारी समितियों के बोर्ड में महिला निदेशकों की अनिवार्यता की गई। इसका फायदा यह होने वाला है कि संपूर्ण भारत की 1,550 से ज़्यादा बहु-राज्य सहकारी समितियां हैं, उनके बोर्ड में महिलाओं का प्रतिनिधित्व हो जाएगा। दूसरा, आदर्श उपनियमों को अपनाकर प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समितियों में भी महिला सदस्यों के लिए आरक्षण किया गया है। सहकारिता मंत्रालय ने अब पैक्स के लिए आदर्श उपनियम तैयार कर लिया है। एक लाख से अधिक पैक्स में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सीधे बनने जा रहा है। मंत्रालय ने तो



अब अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति की दो महिलाएओं की भागीदारी सनिश्चित करके एमएससीएस में नए प्रावधान कर दिए। इससे अब वह शिकायतें नहीं शेष रहेंगी जो मार्जिनलाइज्ड कम्युनिटी को लेकर हुआ करती थीं। सीईए की स्थापना के बाद तो देश की एमएससीएस के निदेशक मंडल आकस्मिक रिक्ति सहित के 146 चुनावों में 293 महिला निदेशक चुनी भी गईं। पीएसीएस राज्यों द्वारा अपने-अपने सहकारी अधिनियमों के अंतर्गत पंजीकृत सहकारी समितियां भी होती हैं। वे भी किस प्रकार महिलाओं के लिए सहकारिता मामले में सहयोगी हों, उस पर भी व्यापक चिंतन सरकार करती रही हैं और आने वाले समय में उनके लिए भी उसकी शिफरिशें आएंगी तो वहां भी सशक्तीकरण होगा। सबसे अहम् बात उभरकर सामने आई है कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम जिसे एनसीडीसी कहते हैं, वह भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के तहत एक वैधानिक संगठन है। एनसीडीसी द्वारा स्वयं शक्ति सहकार योजना को लागू कर रहा है। इसमें नंदिनी सहकार योजनाएं पूरी तरह से वित्त पोषित और समर्थित हैं जिसका लाभ सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को मिलेगा। जब एनसीडीसी के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों और 9 उप-कार्यालयों के माध्यम से योजनाओं के कार्यान्वयन होगा तो महिला सहकारी समितियों को समय पर ऋण लेनदेन प्रवाह सुनिश्चित होगा। वित्तीय सहयोग प्राप्त कर चुकी महिलाएं अपने लिए अच्छे भविष्य का निर्माण कर सकेंगी क्योंकि वित्तीय प्रवाह की कमी ही तो महिलाओं के जीवन प्रवाह को बाधित कर देते हैं। सहकारिता से उद्यमिता और उद्यमिता से आत्मनिर्भरता की आत्मगाथा अब महिलाएं बनने जा रही हैं। एक विकास की यात्रा पर अग्रणी देश सर्वदा यही चाहता है कि उसके नागरिकों के बीच महिला नागरिक ज्यादा सशक्त हों और वे समग्रता से आगे बढ़ें। सबसे अच्छी बात यह है कि ये सहकारिता से जुड़ी महिलाएं डिजिटलीकरण को बढ़ावा दे रही हैं। अपने परिवार व बच्चों के लिए पढाई-लिखाई व जीवन-निर्वाह का माध्यम बन रही हैं। यह आगे बढ़ते हुए भारत की तस्वीर है। यह उस भारत की तस्वीर है जो अपने आज़ादी के बाद 75 वर्ष की यात्रा पूर्ण कर अपने अमृतकाल में गतिमान है। सच में, महिलाओं को अर्थव्यवस्था में भाग लेने के लिए सशक्त बनाने से उनके परिवारों के जीवन और समुदायों पर स्पष्ट प्रभाव पड़ता है और स्थायी आजीविका के साधन बनाने में मदद मिलती है, ऐसे कई अध्ययन हमें मिलते हैं।

स्त्री सशक्तीकरण के साथ समाज व देश सशक्तीकरण के लिए इतना उपयोगी माध्यम बन जाएगा, ऐसा अब से पहले इतने विश्वास के साथ लोग सोचते भी नहीं थे। अब महिलाओं की सहकारिता क्षेत्र में स्वयं की ओर से व्यक्त की गयी अभिरुचि और सरकार द्वारा किए जा रहे नए प्रयास व योजनाओं ने यह विश्वास जागृत कर दिया है कि हमारे देश के विकसित भारत बनने में यह भी एक उत्कृष्ट माध्यम है। बहुत से नए प्रयास गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह व उनकी टीम ने शुरू किया है, उसे और सुदृढ़ता से आगे बढ़ाना ज़रूरी है। भारत का एनडीडीबी, आनंद में सहकारिता के माध्यम से महिलाओं सशक्तीकरण हो रहा है। एनडीडीबी सहकारी प्रणाली में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि के लिए महिला डेरी सहकारिताओं को बढ़ावा देती है। दूध संघों को संपूर्ण महिला डेरी सहकारिताओं का गठन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। सरकार की तरफ से किया जा रहा यह प्रोत्साहन उनके जीवन को स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रहा है। एक बात सच यही है कि जब महिलाएं सशक्त होंगी तो भारत सशक्त बनेगा इसलिए यह ज़रूरी है कि यदि देश में सहकारिता को आगे बढ़ाया जाए और उसके केंद्र में महिलाएं हों।

*( लेखक केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## प्रचलन

विवेक शुक्ला



# चीन की सत्ता व सैन्य शक्ति के प्रतीक हैं काले बाल

चीन की राजधानी बीजिंग में बीती 3 सितंबर को आयोजित विक्ट्री डे परेड ने सारी दुनिया का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया। इसमें चीनी सेना ने अपनी शक्ति, अनुशासन और एकता का शानदार प्रदर्शन किया। परेड में हजारों सैनिकों, नेताओं और सैन्य उपकरणों ने हिस्सा लिया, लेकिन क्या आपने गौर किया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग से लेकर किसी भी अन्य नेता या सैनिक के चेहरे पर दाढ़ी या मूंछ नहीं थीं। सबके चेहरे सफाचट। टीवी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग को कुछ वयोवद्ध नेताओं से मिलते हुए दिखाया। इन सबकी उम्र 90 या इससे अधिक थी। इनके भी सिर के बाल काले थे। इसका मुख्य कारण है कि चीनी नेता और अधिकारी अपने बालों को काला डाई करते हैं। यह एक लंबी परंपरा है, जो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के शीर्ष नेतृत्व में प्रचलित है। बालों को रंगने की ये रिवायत माओत्से तुंग के जमाने से चली आ रही है। लेकिन 1990 के दशक से ये चलन और भी गाढ़ा हो गया है। चीन के नेताओं के काले बालों का राज़ हमेशा से लोगों के लिए कौतूहल का विषय रहा है। चाहे माओ हों या वर्तमान के शी जिनपिंग, वो है उनके चमकदार काले बाल। आखिर क्या वजह है कि ये नेता अपने बालों को हमेशा काला रखते हैं? ये काले बाल चीनी संस्कृति में जवानी, ताकत और ऊर्जा का प्रतीक माने जाते हैं। चीन में बालों का रंग न सिर्फ़ सुंदरता से जुड़ा है, बल्कि ये एक तरह से आपकी सेहत और नेतृत्व की छवि को भी दर्शाता है। सफ़ेद या भूरे बालों को उम्र बढ़ने या कमज़ोरी का संकेत माना जाता है और कोई भी नेता नहीं चाहता कि जनता उसे 'बूढ़ा' या 'कमज़ोर' समझे। बालों को काला रखना एक तरह से अपनी मज़बूत और युवा छवि को बनाए रखने का तरीका है। अगर आप चीनी नेताओं की तस्वीरें देखें, तो लगभग सभी के बाल काले और चमकदार दिखते हैं। ये कोई संयोग नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति है। ये सब जनता की नज़रों में एक मज़बूत इमेज बनाने का खेल है। काले बाल न सिर्फ़ नेताओं को जवां दिखाते हैं, बल्कि ये संदेश भी देते हैं कि वो लंबे समय तक देश को लीड करने के लिए तैयार हैं। शी जिनपिंग की उम्र 71 वर्ष हैं। गौर से देखने पर उनके बालों में चांदी जैसे सफेद रंग की कुछ लकीरों को देखा जा सकता है। क्या उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक या विक्ट्री डे परेड के समय अपने बाल कायदे से नहीं रंगे? लगता तो यही है। आपको याद होगा कि विक्ट्री डे परेड से पहले एससीओ की तियानजिन शहर में हुई बैठक में शी जिनपिंग की भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक भी हुई थी। उसमें दोनों नेताओं के साथ उनके सहयोगी भी थे। उसमें शि जिनपिंग को छोड़कर बाकी सब नेताओं के बाल काले नजर आ रहे थे। हालांकि अधिकतर 60 की उम्र पार कर चुके हैं। चीन में गिरफ्तार या दंडित अधिकारियों को बाल डाई करने की अनुमति नहीं दी जाती। हालांकि यह भी सच है कि अधिकांश चीनियों के बाल प्राकृतिक रूप से काले ही रहते हैं। इस बीच, चीनी सेना में दाढ़ी रखने पर सख्त प्रतिबंध है, जो पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के ग्रूमिंग स्टैंडर्ड्स का हिस्सा है। पीएलए के नियमों के अनुसार, सैनिकों को हमेशा साफ-सुथरा और एकसमान दिखना चाहिए। कई वैश्विक सेनाओं, जैसे अमेरिकी सेना या भारतीय सेना में भी ऐसे नियम एक स्तर तक ही हैं, लेकिन चीनी सेना में यह बेहद कठोर है। उदाहरण के लिए, पीएलए के नियमों में स्पष्ट है कि चेहरे पर बाल केवल मूंछ तक सीमित हो सकते हैं, और वह भी नियंत्रित लंबाई में। दाढ़ी को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। पर परेड में कोई सैनिक या नेता मूंछों वाला भी नहीं दिखाई दिया। विक्ट्री डे परेड में सैनिकों की दाढ़ी न होना भी प्रतीकात्मक है। यह परेड कोई साधारण मार्च नहीं है; यह चीन की सैन्य शक्ति का वैश्विक प्रदर्शन है। हालांकि बालों को हर सूरत में काला करने की जिद्ध भारत में बसे चीनी मूल के लोगों में नहीं है। राजधानी के कनॉट प्लेस में एक शूज शो रूम के मालिक जॉर्ज च्यू कहते हैं कि हम चीन से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। आखिर हमारे बुजुर्गों का संबंध चीन से है। पर अब हम भारतीय हो चुके हैं। हम बाल डाई नहीं करते। लब्बो लुआब ये है कि चीन में दाढ़ी और मूंछें न होना सैन्य अनुशासन, सुरक्षा और सांस्कृतिक एकता से जुड़ा है, जबकि बाल काले होना राजनीतिक प्रतीकवाद और युवा छवि का मामला है। विक्ट्री डे परेड जैसे आयोजन इन मूल्यों को मजबूत बनाते हैं। हालांकि, आधुनिक चीन में कुछ बदलाव आ रहे हैं, जैसे शी के कुछ सफेद बाल, लेकिन परंपरा बनी हुई है। समझना होगा कि सतह पर दिखने वाली सादगी के पीछे गहरे सांस्कृतिक और राजनीतिक कारण होते हैं।

*( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित
दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

## सफलता के लिए योजना बनाकर काम करें



संकलित
प्रेरणा

जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेने वाले थे। देवकी और वसुदेव कंस की कैद में थे। कंस ने देवकी-वसुदेव की 6 संतानों का वध कर दिया था। सातवीं संतान के रूप में बलराम देवकी के गर्भ में आए तो भगवान विष्णु ने योगमाया से कहा था कि आप इस सातवीं संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव जी की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दो। इसके बाद कंस को ये सूचना दी जाएगी कि सातवां गर्भ गिर गया है। योगमाया ने ऐसा ही किया। इसके बाद जब आठवीं संतान के जन्म का समय आया तो भगवान ने योगमाया से कहा कि अब मेरे अवतार लेने का समय आ गया है। जब मेरे अवतार का जन्म होगा, ठीक उसी समय आप गोकुल में यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। वसुदेव जी कंस के कारागर से निकालकर मुझे गोकुल पहुंचाएंगे और आपको लेकर कंस के कारागार में आ जाएंगे। जब कंस आठवीं संतान को मारने के लिए आएगा तब आप मुक्त हो जाना। भगवान ने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुसार श्रीकृष्ण का अवतार हो गया। इस कथा में भगवान ने संदेश दिया है कि जब भी कोई काम करना हो तो उसकी योजना जरूर बनाएं। योजना अच्छी होगी तो सफलता जरूर मिलेगी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### त्रासदी का गहरा असर

जब बाढ़ का पानी उतर जाएगा तो कैमरे और प्रशासन वहां से लौट आएंगे, लेकिन प्रभावित लोगों की पीड़ा बरसों तक बनी रहेगी। गिरे हुए मकान, डूबे खेत, कर्ज में दबे किसान और पढ़ाई से वंचित बच्चे हमें लगातार याद दिलाएंगे कि यह महज मौसम की सामान्य घटना नहीं, बल्कि एक चेतावनी है। जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की चिंता नहीं, बल्कि वर्तमान की कठोर सच्चाई है। सवाल यह है कि क्या हम इसे गंभीरता से लेकर रोकथाम की राह पकड़ेंगे या हर साल राहत और मुआवजे की रस्म अदायगी दोहराते रहेंगे। क्यों बदल रहा है मानसून का पैटर्न? दरअसल, मानसून अब पहले जैसा नहीं रहा। कहीं बेहद कम बारिश होती है, तो कहीं अचानक बादल फट जाते हैं। ऐसे में प्रकृति का संरक्षण अनिवार्य हो जाता है।

*- लखन वर्मा, पलारी*

## करंट अफेयर

# चीन में कैलाश तीर्थयात्रियों को सावधानी बरतने की सलाह



बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने नेपाल के रास्ते निजी ऑपरेटर के माध्यम से तिब्बत में कैलाश पर्वत की यात्रा करने वाले भारतीय तीर्थयात्रियों से काठमांडू में मौजूदा स्थिति के कारण सावधानी बरतने का आग्रह किया है। भारतीय दूतावास द्वारा बुधवार को जारी एक परामर्श में कहा गया कि नेपाल में मौजूदा स्थिति के कारण वहां से निजी टूर ऑपरेटर द्वारा आयोजित कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले भारतीय नागरिकों की योजनाबद्ध यात्रा व्यवस्था प्रभावित हुई है। परामर्श में कहा गया, वर्तमान घटनाक्रम को देखते हुए तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र, चीन में मौजूद भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। परामर्श में कहा गया, बेहद ऊंचाई और दुर्गम भूभाग को देखते हुए, उन्हें अपने स्वास्थ्य और कल्याण के लिए आवश्यक देखभाल और सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। उन्हें स्थानीय अधिकारियों के साथ-साथ बीजिंग और काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास की सलाह का पालन करने की भी सलाह दी जाती है। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने किसी सहायता की आवश्यकता होने पर हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं।

## ऑफ बीट

# नासा के मंगल रोवर से प्राचीन जीवन के मिले मजबूत संकेत



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मंगल ग्रह पर भेजे गए रोवर 'पर्सिवरेंस' ने एक सूखी नदी की धारा में चट्टानें खोज निकाली हैं जिनमें प्राचीन सूक्ष्म जीवन के संभावित संकेत हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले 'पर्सिवरेंस'' द्वारा वहां एकत्र किए गए नमूनों का पृथ्वी की प्रयोगशालाओं में गहन विश्लेषण जरूरी है। वर्ष 2021 से मंगल ग्रह पर घूम रहा यह रोवर सीधे तौर पर जीवन का पता नहीं लगा सकता। इसके बजाय, यह चट्टानों और नलियों में छेद करने के लिए एक ड्रिल लेकर चलता है ताकि अरबों साल पहले जीवन के लिए सबसे उपयुक्त माने गए स्थानों से एकत्र किए गए नमूनों को रखा जा सके। नमूनों को पृथ्वी पर वापस लाने की प्रतीक्षा है। यह एक महत्वाकांक्षी योजना है, जो नासा द्वारा सस्ते, त्वरित विकल्पों की तलाश के कारण रोक दी गई है। दो वैज्ञानिकों एसईटीआई संस्थान के जेनिस बिशप और मैसाचुसेट्स एमहर्स्ट विश्वविद्यालय के मारियो पेरेंटे ने इसे एक 'रोमांचक खोज' बताते हुए कहा कि इसके लिए गैर-जैविक प्रक्रियाएं जिम्मेदार हो सकती हैं। स्टोनी ब्रुक विश्वविद्यालय के प्रमुख शोधकर्ता जोएल ह्यूरोविट्ज़ ने कहा, 'यही कारण है कि हम यह नहीं कह सकते कि यह जीवन का सकारात्मक प्रमाण है।'

## ट्रेंड

### ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम



आज लखनऊ, तिरुवनंतपुरम, त्रिची, कालीकट और अमृतसर हवाई अड्डों पर फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन: ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम का उद्घाटन किया गया। इस नई सुविधा से लंबी कतारें, मैन्युअल चेक-इन और देरी की समस्या खत्म हो जाएगी।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### समुद्री खाद्य निर्यात



102 नई भारतीय मत्स्य इकाइयाँ अब यूरोपीय संघ के सदस्य देशों को निर्यात कर सकेंगी। इस विकास से तटीय राज्यों में हमारे मछुआरों को बाज़ारों का विस्तार करने, बेहतर मुनाफा कमाने, रोज़गार बढ़ाने और हमारे समुद्री खाद्य निर्यात को और बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

**- पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री**

### पुण्यतिथि पर नमन



हिंदी साहित्य की अमिट स्तंभ, 'पद्म विभूषण' महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। उनकी लेखनी ने नारी सशक्तिकरण को शब्द दिए, स्त्री चेतना को स्वर दिया और मानवीय संवेदनाओं को नई ऊँचाइयाँ दीं।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### 'नैतिक विजय'



अपनी हर एक हार में नैतिक विजय खोजने में महारत हासिल कर चुकी है कांग्रेस। उपराष्ट्रपति चुनाव में अपनी हार को कांग्रेस के जयराम रमेश ने एक बार फिर 'नैतिक विजय' करार दिया है।

**- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# गोल्फ महोत्सव में जुटेंगे देशभर के दिग्गज खिलाड़ी, पहली बार ग्रामीण बच्चे दिखाएंगे खेल का हुनर

## 17 सितंबर से शुरू होगा महोत्सव, 12 जनवरी को होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

महानगरों की तर्ज पर अब राजधानी में गोल्फ के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है। इसी क्रम में गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से इस साल होटल मेफेयर स्थित गोल्फ कोर्स में गोल्फ महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। आयोजन 17 सितंबर से शुरू होकर 12 जनवरी तक चलेगा। इस दौरान प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश-विदेश से आए गोल्फ खिलाड़ी अपने खेल का कौशल दिखाएंगे।

महोत्सव में 100 इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे, जिन्हें राजधानी में गोल्फ के क्षेत्र में नए अध्याय की शुरुआत माना जा रहा है। खास बात यह है कि पहली बार छत्तीसगढ़ के गांवों के बच्चे भी गोल्फ कोर्स पर उतरकर अपना हुनर आजमाएंगे। ग्रामीण बच्चों को गोल्फ से जोड़ने की यह पहल फेडरेशन की ओर से एक अनोखा प्रयास है।

### गोल्फ के हर शॉट में दिखेगा रोमांच

गोल्फ महोत्सव में दिग्गज खिलाड़ियों के हर शॉट का रोमांच दर्शकों को रोमांचित करेगा। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजन किया जा रहा है, जिसमें खिलाड़ियों के साथ-साथ गोल्फ प्रेमियों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन में विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा होगी और छत्तीसगढ़ को भी गोल्फ में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। दर्शक न केवल खेल का नजदीक से आनंद उठा सकेंगे बल्कि गोल्फ के नियमों और तकनीकों को भी समझने का मौका पाएंगे।

- महोत्सव में वृक्षारोपण के साथ, रक्तदान शिविर और शहीद परिवारों का होगा सम्मान
- सेना के जवान, भूतपूर्व सैनिक कार्यक्रम में होंगे शामिल, युवाओं को देंगे मार्गदर्शन



### खेल और सेहत से जुड़े होंगे कार्यक्रम

गोल्फ महोत्सव केवल खेल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सेहत और सामाजिक सरोकारों से भी जुड़ा होगा। महोत्सव की शुरुआत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से होगी और समापन 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती पर किया जाएगा। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयोजक आर्यवीर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 5 हजार पेड़ लगाए जाएंगे, रक्तदान शिविर आयोजित होगा और शहीद परिवारों का सम्मान भी किया जाएगा। इस अवसर पर सेना के जवान, भूतपूर्व सैनिक और भारतीय सेना के सेवानिवृत्त चीफ जनरल मनोज पांडेय विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

### युवाओं को नशे के खिलाफ दिया जाएगा संदेश

गोल्फ महोत्सव के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जाएगा। इस दौरान विशेषज्ञ युवाओं को सेहत बेहतर रखने के उपायों पर मार्गदर्शन देंगे और उन्हें गोल्फ जैसे सकारात्मक खेलों से जोड़ने की पहल भी होगी। महोत्सव में युवा पूर्व सैनिकों और भारतीय कैडर सेवा जवानों से सीधे संवाद कर सकेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल खेल को बढ़ावा देना ही नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और सम्मान का संदेश भी देना है।

## खबर संक्षेप



### चीन और उज्बेकिस्तान से खेलेगा ईस्ट बंगाल

**नई दिल्ली।** ईस्ट बंगाल एफसी को 17 नवंबर से शुरू होने वाले एएफसी महिला चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण के लिए चीन के वुहान जियांगडा डब्ल्यूएफसी, ईरान के बाम खातून एफसी और उज्बेकिस्तान के पीएफसी नसाफ के साथ ग्रुप बी में शामिल किया गया। ड्रॉ कुआलालंपुर के एएफसी हाउस में हुआ। इंडियन वुमेंस लीग 2024-25 की चैंपियन ईस्ट बंगाल ने पहली बार महाद्वीपीय प्रतियोगिता में खेलते हुए शुरुआती चरण के ग्रुप ई में शीर्ष स्थान हासिल करके ग्रुप चरण के लिए क्वालीफाई किया। ईस्ट बंगाल ने हांगकांग के किची एससी और कंबोडिया के नोम पेन्ह क्राउन एफसी को पछाड़ा। एएफसी महिला चैंपियन्स लीग के दूसरे सत्र के लिए बारह टीमों को तीन समूहों में विभाजित किया गया था और वे केंद्रीकृत लीग प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

### आस्ट्रेलिया को झटका चोट के कारण हार्डी बाहर

**मेलबर्न।** आलराउंडर आरोन हार्डी कंधे की चोट के कारण आस्ट्रेलिया ए के भारत दौरे से बाहर हो गए हैं। विक्टोरिया के ऑलराउंडर विल सदरलैंड ऑस्ट्रेलिया की टीम में हार्डी की जगह लेंगे और लखनऊ में होने वाले दो चार दिवसीय मैचों में से दूसरे मैच के लिए टीम में शामिल होंगे। सदरलैंड पहले से ही दौरे के लिए वनडे टीम का हिस्सा थे और अब लखनऊ में होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच में भी खेलेंगे।



वनडे टीम में हार्डी की जगह किसी और खिलाड़ी की घोषणा बाद में की जाएगी। हार्डी चोटिल होने के कारण भारतीय दौरे से बाहर होने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। इससे पहले लांस मॉरिस, ब्रॉडी काउच और क्वींसलैंड के तेज गेंदबाज कैलम विडलर विभिन्न चोटों के कारण इस दौरे से बाहर हो गए थे। इस दौरे के दौरान ऑस्ट्रेलिया ए टीम दो अनौपचारिक टेस्ट और तीन अनौपचारिक एकदिवसीय मैच खेलेगी।

### भारत के कंपाउंड तीरंदाजों की नजरें ओलंपिक पर

**नई दिल्ली।** विश्व चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद भारतीय पुरूष कंपाउंड तीरंदाजी टीम का फोकस आगामी एशियाई चैम्पियनशिप और ओलंपिक में पदक जीतने पर है। भारत ने हाल ही में विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप में पुरूष टीम वर्ग में स्वर्ण और मिश्रित टीम में रजत पदक जीता। पुरूष टीम में ऋषभ यादव, अमन सैनी और प्रथमेश फुगे की तिकड़ी ने फाइनल में फ्रांस को हराया। प्रथमेश ने पीटीआई वीडियो से कहा ,'' हमने विश्व चैम्पियनशिप के लिये काफी तैयारी की थी और चैम्पियनशिप से पहले कोरिया में कुछ दिन अभ्यास करने का भी फायदा मिला ।'' उन्होंने कहा ,'' भारतीय कंपाउंड तीरंदाजी टीम लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हम इसके बाद एशियाई चैम्पियनशिप खेलेंगे जिस पर पूरा फोकस है। ओलंपिक हम सभी का लक्ष्य है।''

## आयुष ने किया उलटफेर : जापान के नाराओका को कड़े मुकाबले में हराया

# हांगकांग ओपन में भारत का जलवा, क्वार्टर फाइनल में पहुंचे आयुष, लक्ष्य और सात्विक-चिराग की जोड़ी

एजेंसी ▸▸| हांगकांग

भारत के उदीयमान खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने गुरुवार को हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर करते हुए 2023 के विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता जापान के कोडाई नाराओका को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

जून में यूएस ओपन सुपर 300 का खिताब जीतने वाले कर्नाटक के 20 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी आक्रामक शैली और बेहतरीन कोर्ट कवरेज का प्रदर्शन करते हुए जापानी शटलर को 72 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 21-19, 12-21, 21-14 से हराया। क्वार्टर फाइनल में आयुष का सामना हमवतन खिलाड़ी लक्ष्य सेन से होगा।




### खराब फॉर्म से जूझ रहे लक्ष्य



विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज लक्ष्य ने दूसरे दौर में हमवतन एचएस प्रणय को 15-21, 21-18, 21-10 से हराया। इस सत्र में चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहे लक्ष्य ने आखिरी बार मार्च में ऑल इंग्लैंड सुपर 1000 के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी और मकाऊ ओपन सुपर 300 में भी इसी चरण तक पहुंचे थे, लेकिन इसके अलावा उन्हें शुरुआती दौर में ही बाहर होना पड़ा था। दूसरे गेम में दोनों भारतीय खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इस दौरान बढ़त बार-बार हाथ बदलती रही। जब स्कोर 18-18 से बराबर था तब प्रणय का स्मैश बाहर चला गया। लक्ष्य ने दो गेम प्वाइंट हासिल किए और मैच को निर्णायक गेम तक खींच दिया। तीसरे और निर्णायक गेम में प्रणय ने फिर से 5-2 की बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद वह लगातार गलतियां करते रहे, जिसके कारण वह 9-13 से पीछे हो गए। नेट शॉट की मदद से लक्ष्य ने 16-10 से बढ़त हासिल की। प्रणय लगातार गलतियां करते रहे और लक्ष्य ने इसका पूरा फायदा उठाकर 10 मैच प्वाइंट हासिल कर लिए और प्रणय के एक और शॉट पर चूकने पर मैच अपने नाम कर लिया।

### भारतीय जोड़ी का शानदार प्रदर्शन



सात्विक और चिराग की आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को 63 मिनट तक चले मुकाबले में 18-21, 21-15, 21-11 से हराया। विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले सात्विक और चिराग का अगला मुकाबला मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से होगा। भारतीय जोड़ी की शुरुआत धीमी रही और पहले गेम में वह 8-11 से पीछे चल रही थीं। इसके बाद उन्होंने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 कर लिया, लेकिन थाई जोड़ी ने आखिरी तीन अंक हासिल कर पहला गेम अपने नाम कर दिया। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में बेहतर खेल दिखाया। इस गेम के शुरू में हालांकि उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा तथा एक समय स्कोर 2-2 और फिर 7-7 से बराबर था। भारतीय जोड़ी ने इंटरवल तक 11-10 की बढ़त हासिल कर ली और लगातार बढ़त बनाते हुए मैच को निर्णायक गेम तक ले गई। तीसरा गेम एकतरफा रहा, जिसमें सात्विक और चिराग ने 7-2 की बढ़त बना ली और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# कड़े मुकाबले में जीती पूजा रानी, सेमीफाइनल में पहुंची



एजेंसी ▸▸| लिवरपूल

भारत की अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने पोलैंड की एमिलिया कोटेरस्का को हराकर महिलाओं के 80 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और इस तरह से विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना पहला पदक पक्का किया। पहले दौर में बाई हासिल करने वाली 34 वर्षीय पूजा ने अपने अनुभव के दम पर क्वार्टर फाइनल में किशोरी कोटेरस्का को 3-2 से हराया। 80 किग्रा भार वर्ग ओलंपिक में शामिल नहीं है और विश्व चैंपियनशिप में इस वजन वर्ग में 12 मुक्केबाज भाग ले रहे हैं। इस तरह से विश्व चैंपियनशिप में भारत के तीन पदक पक्के हो गए हैं।

### सेमीफाइनल में एमिली एस्क्विथ से मुकाबला

पूजा को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। उन्होंने पहले राउंड में अच्छी शुरुआत की थी लेकिन पोलैंड की खिलाड़ी ने पलटवार करते हुए यह राउंड 3-2 से जीत लिया। तीसरे राउंड तक दोनों मुक्केबाज थक चुकी थीं, लेकिन पूजा ने धैर्य बनाए रखा और आखिर में अपने नाम पर पदक पक्का किया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला स्थानीय मुक्केबाज एमिली एस्क्विथ से होगा।

### पुरुष मुक्केबाजों का प्रदर्शन निराशजनक

पूजा से पहले दो बार की एशियाई चैंपियन जैस्मीन लेंबरिया (57 किग्रा) और नुपुर शेरॉन (80 किग्रा से अधिक) ने सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्के किए थे। इस बीच भारत के पुरुष मुक्केबाजों के अभियान को एक और झटका लगा जब अभिनाश जामवाल 65 किग्रा क्वार्टर फाइनल में जॉर्जिया के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लाशा गुरुली से 1-4 के विभाजित निर्णय से हार गए। उनके बाहर होने के बाद पुरुष वर्ग में केवल जदुमणि सिंह (50 किग्रा) ही दौड़ में बचे हैं। अंतिम आठ में उनका सामना मौजूदा विश्व चैंपियन कजाकिस्तान के संझार ताशकेनबे से होगा। इस तरह से भारतीय पुरुष मुक्केबाजों का ताशकंद में खेली गई पिछली विश्व चैंपियनशिप की तुलना में यहां प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड, पंचकूला (हैफेड)। | हैफेड कैटल / एनीमल फीड प्लांट, रोहतक और सकताखेड़ा के लिए कच्चे माल की खरीद हेतु अल्प अवधि ई-निविदा। | 11.09.2025 25.09.2025 | रु. 5.96 लाख | www.hafed.gov.in | 172290520 hafed@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38623/I/88/6 दि. 11.09.25

## तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप

# प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची 15 साल की गाथा, दीपिका बाहर



एजेंसी ▸▸| ग्वांगजू

तीरंदाज दीपिका कुमारी छठी बार भी दुर्भाग्यशाली रहीं और गुरुवार को विश्व चैंपियनशिप के राउंड ऑफ 32 में हारकर बाहर हो गईं जबकि 15 वर्षीय गाथा खडके शानदार प्रदर्शन करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली देश की एकमात्र रिकर्व तीरंदाज रहीं। अब सभी की निगाहें शुक्रवार को होने वाले प्री क्वार्टर फाइनल पर होगी, जहां गाथा पेरिस ओलंपिक चैंपियन और दुनिया की नंबर एक लिम सी-ह्योन के रूप में अपने करियर की सबसे बड़ी चुनौती का सामना करेंगी। भारत के लिए युवा गाथा आखिरी उम्मीद हैं और यह देखना होगा कि पदार्पण कर रही पुणे की यह खिलाड़ी 2019 में डेन बॉश के बाद रिकर्व वर्ग में देश को पहला पदक दिला पाती हैं या नहीं। मौजूदा टूर्नामेंट में भारत ने पुरुष टीम वर्ग में ऐतिहासिक स्वर्ण और मिश्रित टीम में रजत पदक जीता है। ये दोनों पदक कंपाउंड वर्ग में आए।

- गाथा का मुकाबला अब दुनिया की नं-1 खिलाड़ी से

### क्वालीफाइंग में अजरबेजान की फातिमा को हराया

क्वालीफाइंग में 666 अंक हासिल के साथ 14वीं वरीयता प्राप्त करने वाली गाथा ने पहले दौर में अजरबेजान की फातिमा हुसैनली को 7-1 (26-26, 27-25, 27-26, 28-24) से हराया और फिर ब्रिटेन की थिया रोजर्स को 6-0 (28-27, 27-26, 29-28) से करारी शिकस्त दी। उनकी सबसे बड़ी परीक्षा तीसरे दौर में दुनिया की आठवें नंबर की जर्मन की ओलंपियन और विश्व कप की पूर्व कांस्य पदक विजेता मिशेल क्रॉपेन बाउर के खिलाफ थी लेकिन दुनिया में 176वें स्थान पर काबिज गाथा ने कोई हड़बड़ी नहीं दिखाई और मुकाबला 6-4 से जीत लिया। भारतीय खिलाड़ी ने 28-26, 27-27, 27-28, 28-28, 28-27 से जीत दर्ज की। जुलाई में मैड्रिड विश्व कप के दौरान सीनियर वर्ग में पदार्पण करने वाली महाराष्ट्र की गाथा ने वहां प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर अपनी क्षमता पहले ही दिखा दी थी। उन्होंने इस साल की शुरुआत में राष्ट्रीय ट्रायल्स में क्वालीफिकेशन में 686 अंक हासिल करके सबको चौंका दिया था। यह प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों के बीच सर्वोच्च स्कोर था। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए रिकर्व वर्ग में भारत की उम्मीदें अब इसी युवा खिलाड़ी पर टिकी हैं।

# विश्व कप में सिर्फ महिलाएं होगी अंपायर-रेफरी

▸▸| आईसीसी का ऐतिहासिक फैसला

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत और श्रीलंका में इस महीने के अंत में शुरू होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए गुरुवार को पहली बार सिर्फ महिला अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपने की घोषणा की। टूर्नामेंट की शुरुआत 30 सितंबर को गुवाहाटी में संयुक्त मेजबानों भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबले से होगी। अंपायरिंग पैनल में पूर्व भारतीय खिलाड़ी वृंदा राठी, एन. जननी और गायत्री वेणुगोपालन को भी जगह मिली है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और पहली महिला मैच रेफरी जीएस लक्ष्मी चार सदस्यीय मैच रेफरी पैनल का हिस्सा होंगी।

**मैच रेफरी**

ट्रूडी एंडरसन, शैंड्रे फ्रिट्ज, जीएस लक्ष्मी, मिशेल परेरा।

**अंपायर**

लॉरेन एजेनबैग, कैंडेस ला बोर्डे, किम कॉटन, सारा दंबनेवाना, शतिरा जाकिर जेसी, केरिन क्लास्टे, जननी एन, निमाली परेरा, क्लेयर पोलोसेक, वृंदा राठी, सू रेडफर्न, एलोइस शेरिडन, गायत्री वेणुगोपालन, जैकलीन विलियम्स।

**दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को पहले टी20 में हराया:** कार्डिफ। दक्षिण अफ्रीका ने बारिश से प्रभावित पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से 14 रन से हराया। बारिश के कारण मैच शुरू में नौ-नौ ओवर का कर दिया गया था।

कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्र. 748/न.पा./लो.नि.वि./2025-26 मुंगेली, दिनांक 10/09/2025

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना :-

नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनु. व्यय राशि (लाख में) | निविदा ऑनलाईन सम्मिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 175183 | डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन निर्माण कार्य। | 116.46 | 01.10.2025 |
| 175146 | नगर पालिका मुंगेली क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कार्य। | 12.53 | 26.09.2025 |

टीप:- 1. निविदा प्रपत्र चिप्स के वेबसाईट Http:/eproc.cgstate.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक | INDIA POST PAYMENTS BANK
(A Government of India Undertaking)
Corporate Office, Speed Post Centre Building, Bhai Veer Singh Marg, New Delhi-110001

ENGAGEMENT OF RETIRED GENERAL MANAGER/DEPUTY GENREAL MANAGER FROM PUBLIC SECTOR BANK AS CONSULTANT ON CONTRACT BASIS

Advt. No.: IPPB/CO/HR/RECT/2025-26/02

Applications are invited for the position of Consultant on Contract basis from retired Deputy General Managers (TEGS-VI) and retired General Managers (TEGS-VII) of Public Sector Bank on contractual full-time basis.

| Position | Number of Vacancies | Type of Employment | Age | Experience |
|---|---|---|---|---|
| Consultant | 01 | Contract Basis | Not more than 65 Years as on 01.07.2025 | 1. Should be a retired Deputy General Manager (TEGS-VI) or retired General Manager (TEGS-VII) 2. Should have deep functional knowledge and diverse experience of at least 30 years of working in branch banking and Administrative offices including various departments of the Bank such as Operations, Risk, compliance, HR, Audit, Finance. |

IMPORTANT DATES:
**Opening date of the advertisement is 18th August 2025. Candidates are required to send a scanned copy of the application form and supporting documents to careers@ippbonline.in. The hard copy and soft copy of the application form along with the required documents, as specified in the advertisement, must reach the IPPB Corporate Office by 25th September 2025, 5:00 PM. Applications received after the deadline will not be considered.**
For detailed advertisement, please visit our official website https://ippbonline.com/web/ippb/current-openings
**Place: New Delhi**
**Date: 18.08.2025**
Sd/-
Chief HR Officer
CBC 06346/12/0005/2526

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में कलानौर में 50 बिस्तर वाले हस्पताल में आपातकालीन ब्लॉक सहित ओपीडी का निर्माण (सीसीटीवी, एलएएन, ईपीएबीएक्स और फायर अलार्म सिस्टम का प्रावधान केवल)। | 09.09.2025 16.09.2025 | 32.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में (ओडीआर) (गुहला निर्वाचन क्षेत्र) (कार्य कार्यक्रम 2025-26) 10 अदद रोड का सुधार अर्थात कैथल जिले में अधोया मेगरान से अजीत नगर (आईडी 7062), भागल बुदानपुर रोड से डेरा मुलांपुर रोड (आईडी 7079), कैथल जिले में सम्पर्क सड़क से लंधेरी (आईडी 7035), भुसला अधोया रोड से डेरा बाजीगर (आईडी 10305), पेहोवा गुहला रोड से सिन्ही (आईडी 7021), शजादपुर से बलबेरा से पंजाब बॉर्डर तक (आईडी 7051), कैथल जिले में लंधेरी से जिवानकोट (आईडी 7054), रत्ता खेड़ा से सरकपुर (आईडी 10897), खामेरी छाना से लबाना प्लॉट (आईडी 7049) और बोपुर से पंजाब बॉर्डर तक (रोड आईडी 10892) + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 19.09.2025 | 1128.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466390260 PWDEEPPD2KTL@GMAIL.COM |
| 3 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक में दिनांक 17.09.2025 को ''संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना'' के तहत ''भगवान विश्वकर्मा जयंती'' के समारोह के लिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम हेतु एसीएस और वाटर प्रूफ टैंट सहित वीआईपी स्टेज की स्थापना, टैंट का प्रावधान व फिक्सिंग, कुर्सियों की आपूर्ति और अन्य सुविधाएं (सभी विविध कार्यक्रम) (जीएसटी को छोड़कर)। | बंद होने की तिथि 15.09.2025 | 34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9992268328 pwd-eepd2-rohtak@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | तृतीय बटालियन महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा हिसार में कल्याण केन्द्र की मौजूदा बिल्डिंग मे नागरिक उड्डयन मंत्री-सह-चेयरमैन एचएडीसी, हरियाणा के लिए कार्यालय कक्ष और कॉफ्रेंस हॉल का पुनरोद्धार। (कॉफ्रेंस हॉल लाइनर और ट्रैक लाइट्स का प्रावधान केवल) (बकाया कार्य) + 1 कार्य। | 10.09.2025 18.09.2025 | 9.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प रोहतक | नरवाना, जिला जीन्द में नवदीप स्टेडियम की विशेष मरम्मत + 2 कार्य। | 10.09.2025 17.09.2025 | 9.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 6 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, हांसी | नारनौंद कस्बा :- नारनौंद जिला हिसार के एमसी क्षेत्र में जलघरों में संरचनाओं के पुनरोद्धार / अपग्रेडेशन हेतु पूरक और बकाया पाइप लाइंस बिछाना (अमरुत 2.0 के तहत) ''नारनौंद कस्बा जिला हिसार में पाइप लाइन बिछाने के दौरान बकाया कार्य के लिए।'' | 10.09.2025 19.09.2025 | 24.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663256145 eehansi@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | लोहारू कैनाल के पम्प हाउस नं. 1 में 2 अदद 150 एचपी एटीएस स्टार्टर की रिवाइंडिंग। | बंद होने की तिथि 15.09.2025 | 0.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज भिवानी | गांव खरखड़ी मखवान ब्लॉक तोशाम में फिरनी को पूरा करना, एचआरडीएफ। | 10.09.2025 16.09.2025 | 54.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/160/38628/I/88/6 दि. 11.09.25

## अब 12 हवाई अड्डों पर मिलेगी फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन सुविधा

### ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया कार्डधारकों को इमीग्रेशन प्रक्रिया में लंबी कतारों से छुटकारा मिलेगा

### शाह ने हवाई सफर को और आसान बनाने की शुरुआत की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने यात्रियों के लिए हवाई सफर को और आसान बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 'फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' को देश के 5 और हवाई अड्डों पर शुरू किया। इसके तहत भारतीयों और ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों को इमीग्रेशन प्रक्रिया में लंबी कतारों से छुटकारा मिलेगा और वे ई-गेट से जल्दी क्लियरेंस पा सकेंगे। यह योजना सबसे पहले जुलाई 2024 में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से शुरू हुई थी। 2 महीने में मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलूरू, हैदराबाद, कोचीन, अहमदाबाद में लागू किया।

#### ऑनलाइन मिलेगी सेवा

योजना के तहत यात्री ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें पासपोर्ट की न्यूनतम वैधता छह महीने होनी चाहिए। आवेदन स्वीकृत होने के बाद यात्री को बायोमेट्रिक विवरण (फिंगरप्रिंट और चेहरे की तस्वीर) देने के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे या नजदीकी विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) जाना होगा। सफल सत्यापन के बाद यात्री को व्हाइट लिस्ट ऑफ ट्रस्टेड ट्रैवलर्स में शामिल किया जाएगा।



#### अब तक 3 लाख लोग योजना से जुड़े

गृहमंत्री शाह ने वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान कहा कि फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन से यात्रियों को तेजी, सुरक्षा और बिना परेशानी के अंतरराष्ट्रीय सफर का अनुभव मिलेगा। अभी तक तीन लाख लोगों ने इस योजना के लिए पंजीकरण कराया है, जिनमें से करीब 2.65 लाख यात्रियों ने इस सुविधा का लाभ भी उठाया है।

#### अमेरिका की तर्ज पर बनी यह योजना

अधिकारियों के मुताबिक यह योजना अमेरिका के ग्लोबल एंट्री प्रोग्राम की तर्ज पर बनाई गई है। वहां पहले से अनुमोदित यात्रियों को देश में प्रवेश के समय तेजी से क्लियरेंस मिलती है। भारत में भी अब इस व्यवस्था के जरिए यात्रियों को ई-गेट से गुजरने पर तुरंत इमीग्रेशन क्लियरेंस मिल जाएगा।

#### 21 एयरपोर्ट तक विस्तार की योजना तैयार

केंद्र सरकार की योजना है कि इस प्रोग्राम को चरणबद्ध तरीके से देश के 21 बड़े हवाई अड्डों तक पहुंचाया जाए। पहले चरण में भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों को सुविधा दी जा रही है। दूसरे चरण में इसे विदेशी यात्रियों तक बढ़ाया जाएगा। इस कार्यक्रम को लागू करने की जिम्मेदारी ब्यूरो ऑफ इमीग्रेशन (बीओआई) के पास होगी। शुरुआती चरण में यह योजना बिल्कुल मुफ्त है। यात्रियों को किसी अतिरिक्त शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा। गृहमंत्रालय ने यात्रियों के लिए एक हेल्पडेस्क ईमेल आईडी भी जारी की है, ताकि उन्हें आवेदन या प्रक्रिया में किसी तरह की दिक्कत हो तो मदद मिल सके।

#### देश का पहला हवाई अड्डा बना लखनऊ

फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन सेवा की शुरुआत से लखनऊ एयरपोर्ट ने एक बड़ा मील का पत्थर हासिल किया है। इस सुविधा को टर्मिनल-3 पर यात्रियों के लिए खोला गया है। अब तक यात्रियों को इमिग्रेशन प्रक्रिया में लंबा समय लग जाता था, जिससे भीड़ और असुविधा की स्थिति बनती थी. लेकिन अब यह प्रक्रिया सुगम और तेज हो जाएगी।

---

### प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदा का जायजा लिया

## प्रभावितों के राहत और पुनर्वास के लिए 1200 करोड़ की वित्तीय मदद देने का किया ऐलान



पुष्कर सिंह धामी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरप्रीत सिंह ने देहरादून के जॉली ग्रांट एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

**देहरादून में वस्तु स्थिति का किया आकलन प्रदानमंत्री जवानों से भी मिले**



एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड में आई प्राकृतिक आपदा का जायजा लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी देहरादून पहुंचे। यह पहुंचने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरप्रीत सिंह ने देहरादून के जॉली ग्रांट एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

पीएम मोदी का यह दौरा राज्य में हाल ही में आई आपदा की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहद अहम माना जा रहा है। हालांकि खराब मौसम की वजह से हवाई दौरा रद्द कर दिया गया। तय कार्यक्रम में बदलाव करते हुए पीएम अब स्टेट गेस्ट हाउस में ही बैठक की। यहां उन्होंने उत्तराखंड में बाढ़ से प्रभावित लोगों से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवानों से भी बातचीत की और राहत-बचाव की स्थिति का जायजा लिया।

#### मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख

पीएम मोदी ने बाढ़ और बारिश से प्रभावित इलाकों के लिए 1200 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता का ऐलान किया है। मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की मदद राशि देने की घोषणा भी की। केंद्र हर संभव मदद देगा।

#### हवाई सर्वेक्षण का कार्यक्रम रद्द

पीएम मोदी आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे ताकि नुकसान का प्रत्यक्ष आकलन कर सकें और राहत एवं पुनर्वास कार्यों की दिशा तय की जा सके। इस दौरान वे अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा भी करेंगे। हालांकि मौसम की कराबी के कारण हवाई सर्वेक्षण का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है।

#### राहत व बचाव में लगी टीमों के सदस्यों से भी मिले

पीएम मोदी ने एयरपोर्ट पर 3 बैठकें की। इसके बाद आपदा प्रभावितों से मिले। उनसे हालात की जानकारी ली। बैठक के बाद प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए आपदा प्रभावितों और राहत व बचाव में लगी टीमों के सदस्यों से भी मुलाकात की। करीब 22 आपदा प्रभावित और 57 आपदा वीर कार्यक्रम में मौजूद रहे। प्रधानमंत्री स्टेट गेस्ट हाउस में एसडीआरएफ एनडीआरएफ और आपदा मित्रों के साथ बैठक भी की।

---

### पहली बार रिमोट से किया जाएगा दहन

## कोटा में जलाया जाएगा दुनिया का सबसे बड़ा 215 फीट ऊंचा रावण

एजेंसी ▶▶ कोटा

इस बार दशहरे पर 215 फीट ऊंचा रावण तैयार किया जा रहा है। इसे बनाने वालों का दावा है कि यह दुनिया का सबसे ऊंचा रावण होगा। रावण का पुतला 12 टन वजनी है। खास बात यह है कि इसे खड़ा करने में केवल 3 घंटे का समय लगेगा और दहन पहली बार रिमोट से किया जाएगा। रावण के पतले में 9500 किलो लोहे का इस्तेमाल हुआ है। पुतले का सिर 25 फीट का है जबकि बाकी 9 सिर 3गुणा 6 फीट के बनाए गए हैं। रावण का चेहरा फाइबर से तैयार किया गया है जिसका वजन करीब 300 किलो है। पुतले का मुकुट 60 फीट ऊंचा होगा और इसमें मल्टीकलर एलईडी लाइट्स लगाई जाएंगी। तलवार 50 फीट लंबी और जूतियां 40 फीट की बनाई गई हैं।



#### कुंभकर्ण और मेघनाद भी खास

कुंभकर्ण और मेघनाद के 60-60 फीट ऊंचे पुतले भी बनाए जा रहे हैं। इनका वजन 1-1 हजार किलो है और चेहरे 10-10 फीट के फाइबर से तैयार किए गए हैं।

---

## स्कूल में गोलीबारी, 3 किशोर घायल



**वाशिंगटन।** अमेरिका के डेनवर इलाके में एक स्कूल में गोलीबारी से दहशत फैल गई। इस घटना में तीन किशोर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जेफरसन काउंटी शेरिफ कार्यालय की प्रवक्ता जैकी केली ने बताया कि डेनवर के उपनगरीय क्षेत्र में स्थित एवरग्रीन हाई स्कूल में यह घटना हुई। गोलीबारी की इस घटना में संदिग्ध हमलावर भी घायल हुआ है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी का कारण क्या था या संदिग्ध हमलावर, जो स्कूल का ही एक छात्र माना जा रहा है, कैसे घायल हुआ।

---

## त्रिवेणी पोत से 26 हजार समुद्री मील की यात्रा पर निकलीं 10 महिला सैन्य अधिकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सेना, वायुसेना और नौसेना जैसी देश की तीन सशस्त्र सेनाओं की 10 महिला अधिकारियों ने गुरुवार को अपने पहले ऐतिहासिक समुद्री नौकायन अभियान 'समुद्र प्रदक्षिणा' की मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से शुरुआत की है। जिसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीडीएस और तीनों सेनाप्रमुखों के साथ मिलकर नई दिल्ली से वर्चुअल हरी झंडी प्रदान की। साथ ही अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने कहा कि यह यात्रा नारी शक्ति, सशस्त्र बलों की एकता, आत्मनिर्भर भारत, देश की सैन्य कूटनीति और वैश्विक विजन का एक ज्वलंत प्रतीक है। महिला अधिकारियों की टीम स्वदेशी त्रिवेणी नौकायन पोत (आईएएसवी) के जरिए कुल 26 हजार समुद्री मील की यात्रा करेंगी। जिसे पूरा करने में उन्हें 9 महीने का समय लगेगा। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान के जरिए यह जानकारी दी है। यहां बता दें कि पूर्व में नौसेना की दो महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा. ए और दिलना.के तारिणी पोत पर सवार होकर समुद्र के रास्ते विश्व की सफल परिक्रमा कर चुकी हैं।

---

### एचएएल को मिला तीसरा इंजन

## एमके1ए के दो एलसीए अक्टूबर में मिलना तय



**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को अमेरिका से तीसरा जीई एफ 404 इंजन मिल गया है, जो लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) एमके1ए के लिए है। सितंबर 2025 के अंत तक चौथा इंजन आने की उम्मीद है। एचएएल ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। इंजन सप्लाई चेन में सुधार से एलसीए एमके1ए की डिलीवरी समय पर हो सकेगी। पहले दो इंजन मार्च और जुलाई 2025 में आए थे। अब सितंबर के अंत तक चौथा इंजन आने की उम्मीद है। एचएएल के अधिकारियों ने कहा कि सप्लाई चेन में सुधार से एमके1ए विमानों की डिलीवरी तेज होगी। 2021 में एचएएल ने जीई के साथ 716 मिलियन डॉलर का समझौता किया था, जिसमें 99 एफ404 इंजन शामिल थे। लेकिन दक्षिण कोरिया के एक सप्लायर की समस्या से डिलीवरी में देरी हुई। जीई ने अब सालाना 12 इंजन देने का वादा किया है। 2026 से 20 इंजन प्रति वर्ष एचएएल ने कहा कि 10 विमान पहले से बनकर तैयार हैं। अक्टूबर में पहले दो एलसीएम एमके1ए डिलीवर होंगे। नासिक में बना पहला विमान हस्तांतरण के लिए तैयार है।

---

### इजराइल का कतर पर हवाई हमला विफल

## नेतन्याहू बोले- अगर बच गए हैं हमास नेता तो फिर से मारेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मंगलवार को इजराइल ने कतर पर हवाई हमला किया था। इस हमले में वह हमास नेताओं को मारने में विफल रहा था।



इजराइल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू के हवाले से अमेरिका में इजराइली राजदूत ने इस ऑपरेशन के बाद कहा कि इजराइल अगली बार हमले में सफल होगा। इस ऑपरेशन से यह चिंता पैदा हो गई है कि यह गाजा में युद्धविराम सुनिश्चित करने के प्रयासों को विफल कर देगा।

#### *कतर ने मुस्लिम देशों की बुलाई बैठक*

*कतर ने ऐलान किया है कि राजधानी दोहा में अगले रविवार और सोमवार को एक आपातकालीन अरब-इस्लामी शिखर सम्मेलन की बैठक होगी और इसकी मेजबानी कतर करेगा। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य कतर की धरती पर हमास नेताओं को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हमले के परिणामों पर विचार करना और इस गंभीर घटनाक्रम पर एकीकृत अरब-इस्लामी प्रतिक्रिया का समन्वय करना है। यह ऐलान दोहा में हुए हवाई हमले के दो दिन बाद की गई।*

---

### उत्तरप्रदेश कांग्रेस प्रमुख राय नजरबंद

## पीएम मोदी के दौरे के मद्देनजर लखनऊ पुलिस ने की कार्रवाई



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी दौरे से पहले यूपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया है। पुलिस ने लखनऊ के आलमबाग स्थित उनके आवास पर एहतियातन निगरानी बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि अजय राय ने पहले ही प्रधानमंत्री के दौरे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया था.पीजीआई पुलिस टीम बुधवार सुबह से ही अजय राय के आवास के बाहर तैनात है।

#### कांग्रेस ने हाउस अरेस्ट का किया विरोध

इसको लेकर कांग्रेस नेताओं का कहना है कि अजय राय का हाउस अरेस्ट लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। उनका आरोप है कि सरकार विरोध की आवाज को दबाना चाहती है। वहीं, पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह सिर्फ एहतियातन कदम है ताकि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

## तनाव के बीच एचएएल को अमेरिका से मिला तेजस विमान के लिए तीसरा इंजन

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)** । टैरिफ के मुद्दे पर बने हुए मौजूदा तनाव के बीच अमेरिका ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को तेजस मार्क1ए लड़ाकू विमान के लिए तीसरा जीई-404 इंजन सौंप दिया है। जबकि इसी महीने के अंत तक चौथा इंजन मिलने की भी संभावना है। एचएएल के सूत्रों ने बताया कि अगले अक्टूबर महीने में वायुसेना को दो तेजस मार्क1ए विमान सौंपे जाएंगे। इसके अलावा एचएएल ने 10 और तेजस विमान बना लिए हैं और अब उन्हें केवल अमेरिका से जीई-404 इंजनों की आपूर्ति का इंतजार है। जैसे ही यह इंजन मिलेंगे, एचएएल इन्हें विमानों में फिट करके वायुसेना को तेजस की आपूर्ति कर देगा। देश के रक्षा क्षेत्र के बड़े सार्वजनिक उपक्रम एचएएल को अगले साल मार्च 2026 तक अमेरिका से कुल करीब एक दर्जन जीई-404 इंजन मिलने की उम्मीद है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25